दैनिक
# नवयत
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 | अंक 117 | सीकर, गुरुवार 25 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## कोलकाता में निर्माणाधीन गोदाम ढहा, 4 की मौत

### 40 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका



**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के पास बुधवार दोपहर 12:07 बजे निर्माणाधीन गोदाम का शेड गिर गया। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। मलबे में दबे 21 लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है। अभी भी 40 से ज्यादा लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इस वजह से मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। हादसे के वक्त गोदाम में कितने लोग मौजूद थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस के साथ ह्ष्ठक्रस्न और सेना के जवान भी रेस्क्यू कर रहे हैं। गैस कटर से लोहे के पोल को काटा जा रहा है। मलबे और लोहे की रॉड को हटाने के लिए क्रेन मंगाई गई है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के वक्त गोदाम में कांक्रीट ढलाई का काम चल रहा था।

### मलबे में फंसे मजदूर बोला- मेरा पैर काट लो लेकिन मुझे बचा लो

हादसे के बाद बचाव कार्य के दौरान एक युवक अंकित सिंह ने मलबे में फंसे एक मजदूर को ढूंढने में अहम भूमिका निभाई। उसने घायल मजदूर का पैर पकड़कर बचाव दल को उसकी सही जगह तक पहुंचने में मदद की, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने उसे बाहर निकालने का प्रयास तेज कर दिया।

मलबे में फंसा मजदूर दर्द से कराहते हुए बार-बार कह रहा था- मैंने अपना पैर खो दिया है, अगर जरूरत हो तो बाकी हिस्सा काटकर मुझे बाहर निकालो, बस मेरी जान बचा लो।

### सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए

**मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री अग्निमित्रा पॉल और कौशिक चौधरी समेत कई मंत्री भी मौजूद रहे। राज्य सरकार ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1070, 8697981070 और 033-22143526/22535185 जारी किए हैं। जानकारी के मुताबिक गोदाम की जमीन ओडिशा के व्यवसायी की थी जिन्होंने किसी प्रायवेट फर्म को इसे लीज पर दिया था।**

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 4 जुलाई को प्रस्तावित राजस्थान यात्रा

## ऐतिहासिक आयोजन के साथ विकास, रोजगार और सहभागिता का बनें उत्सव : मुख्यमंत्री शर्मा

- प्रधानमंत्री राष्ट्र को समर्पित करेंगे पचपदरा रिफाइनरी
- जयपुर मेट्रो फेज-2 के शिलान्यास सहित विभिन्न विकास कार्यों की मिलेगी सौगातें

जयपुर।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 जुलाई को बालोतरा के पचपदरा आएंगे। इस अवसर पर पचपदरा रिफाइनरी के उद्घाटन एवं जयपुर मेट्रो फेज-2 के शिलान्यास के साथ ही प्रधानमंत्री प्रदेशभर में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास की सौगात देंगे। इस दौरान विभिन्न सरकारी नौकरियों में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री की इस प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक ली और ऐतिहासिक आयोजन को लेकर निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी सेवा में नियुक्ति पत्र प्राप्त करना प्रत्येक युवा के जीवन का गौरवपूर्ण क्षण होता है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में विशेष आयोजन के साथ नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवाओं एवं आमजन को प्रधानमंत्री के मुख्य कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जोड़ा जाए, ताकि वे इस ऐतिहासिक अवसर के सहभागी बन सकें।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जाए ताकि यह आयोजन विकास, रोजगार एवं सहभागिता का उत्सव बन सकें।



### रिफाइनरी परिसर में हो सघन पौधारोपण, कार्यक्रम में ईंधन संरक्षण का दें संदेश

**मुख्यमंत्री ने रिफाइनरी प्रबंधन को इस अवसर पर सघन पौधारोपण अभियान संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी इस आयोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों में ईंधन संरक्षण एवं ऊर्जा बचत के प्रति आमजन को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सदैव श्रम और श्रमिकों का सम्मान करते हैं। रिफाइनरी में कार्यरत श्रमिकों की भी कार्यक्रम में सार्थक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आयोजन स्थल पर आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा, यातायात सहित अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित एचआरआरएल एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, एचपीसीएल एवं विभिन्न जिलों से संभागीय आयुक्त, आईजी, जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़ें।**

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत तेज; पीयूष गोयल और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के बीच अहम बैठक

नई दिल्ली



भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए कई बैठक की हैं। इसमें दोनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को गहरा करने पर बातचीत की गई। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से बुधवार को दी गई।

केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अमेरिका व्यापार प्रतिनिधि एंबेसडर जेमिसन ग्रीर और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सुबह कई बैठक हुई हैं। इसमें भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर प्रगति की समीक्षा की गई, साथ ही दोंनों देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को गहरा करने के रास्ते तलाशे गए।

उन्होंने आगे कहा कि मैं एंबेसडर ग्रीर के नेतृत्व और हमारी बातचीत को रचनात्मक और प्रगतिशील ढंग से आगे बढ़ाने में दोनों टीमों के लगातार प्रयासों की सराहना करता हूं। इससे पहले मंगलवार को गोयल ने ग्रीर और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की और एक संतुलित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के तरीकों पर चर्चा की।

गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच एक मजबूत और बढ़ती हुई आर्थिक साझेदारी है।

## मोदी ने कैबिनेट मीटिंग में री-नीट एग्जाम की तारीफ की

नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में नीट-यूजी री-एग्जाम के सुचारू संचालन के लिए प्रयासों की तारीफ की। यह दावा न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से किया है। इस दौरान मोदी ने विभिन्न विभागों के बीच तालमेल पर भी जोर दिया। मीटिंग से एक दिन पहले दो हलचल देखने को मिली थीं। दरअसल मंगलवार को केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उनका राज्यसभा कार्यकाल खत्म हो गया था और भाजपा ने उन्हें दोबारा राज्यसभा नहीं भेजा। कुरियन अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इसी बीच शाम को राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार समारोह के बाद पीएम ने राष्ट्रपति से मुलाकात की। ऐसे में चर्चा चल रही थी कि केंद्र सरकार जल्द ही कैबिनेट में फेरबदल कर सकती है। हालांकि अभी इसे लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

भाजपा ने हालिया राज्यसभा चुनाव में केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन और रवनीत सिंह बिट्टू को दोबारा उम्मीदवार नहीं बनाया। जॉर्ज कुरियन का राज्यसभा कार्यकाल 21 जून को समाप्त हुआ और उन्होंने मंत्री पद छोड़ दिया।

## डोटासरा बोले-गहलोत के पैरों में गिरकर रोए थे किरोड़ी

### बेनीवाल को चैलेंज किया था, 10 मिनट में सरेंडर हो गए; नैतिकता है तो इस्तीफा देना चाहिए



जयपुर।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा पर निशाना साधा। डोटासरा ने आरोप लगाया है कि किरोड़ी लाल मीणा तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पैरों में गिरकर गिड़गिड़ाए थे। साथ ही डोटासरा ने किरोड़ी लाल पर खाद-बीज छापों के नाम पर सैकड़ों करोड़ रुपए की अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से जांच की मांग की है। दरअसल, किरोड़ी लाल मीणा ने डोटासरा के बेटे-बहू पर गलत तरीके से ओबीसी सर्टिफिकेट बनवाकर आरएएस बनने के आरोप लगाए थे। इसकी जांच के लिए मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी थी। इसी पर डोटासरा ने अब पलटवार किया है। डोटासरा ने कहा- आज मैं सार्वजनिक रूप से कह रहा हूं, मुझे किरोड़ी ने एक बार कहा था कि मुख्यमंत्री से अलग से बात करनी है। मुलाकात के 15 मिनट बाद जब अशोक गहलोत बाहर आए, तो उन्होंने मुझसे पूछा कि इसे मेरे पास क्यों लाए थे? मैंने पूछा कि क्या हो गया? इस पर गहलोत बोले कि यह मेरे पैरों में पड़ गया और रोने लगा कि मेरे खिलाफ दर्ज मुकदमे हटा दीजिए। डोटासरा ने आगे कहा- वह आदमी जो अशोक गहलोत के पैरों में पड़कर रोने लगा था कि मेरे मुकदमे हटा लो, वह आज हम पर आरोप लगा रहा है, उसे शर्म आनी चाहिए। डोटासरा ने जयपुर शहर कांग्रेस के एक कार्यक्रम में ये बातें कही।

## एस एस मोदी में तीन दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय स्थित एस एस मोदी विद्या विहार में 22 से 24 जून तक तीन दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हार्टफुलनेस मेडिटेशन के तेजपाल शेखावत के कर कमलों द्वारा बुद्धि प्रदाता भगवान गणेश व ज्ञानदायिनी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर हुआ। विद्यालय समन्वयक मनीष अग्रवाल, अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल व प्राचार्य विजय मसीह ने मुख्य वक्ता हार्टफुलनेस मेडिटेशन के श्रद्धेय अर्जुनदास महाराज, तेजपाल शेखावत, शिक्षा विशेषज्ञ, स्पीकर एवं शिक्षा नवप्रवर्तक अभिनव सिंघल व कुंती सिंघल, ट्रस्टी डालमिया विद्या मंदिर एवं आध्यात्मिक चिंतक पराग डालमिया का पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। शिक्षकों के लिए अध्यात्म, प्रोजेक्ट आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षण, विद्यालयी पाठ्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता की प्रासंगिकता, डिजिटल युग में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने की रणनीतियाँ, आत्मविश्वासी एवं प्रेरणादायी शिक्षक का व्यक्तित्व, आलोचनात्मक चिंतन कौशल तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं कंप्यूटर कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण एवं सेमिनार आयोजित किए गए। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद विद्यालय स्टाफ में नई ऊर्जा का संचार करना व नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों में कुछ नया सीखने की चाह पैदा करना, नैतिक मूल्यों पर आधारित शिक्षा प्रदान करना, शिक्षकों के ज्ञान, कौशल एवं शिक्षण दक्षताओं को आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य रहा। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा संबंधी समस्याओं में सुधार लाना है। कार्यक्रम में प्राप्त अनुभव एवं सीख शिक्षकों को अपने कक्षा शिक्षण को और अधिक प्रभावी, रोचक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। हार्टफुलनेस मेडिटेशन के तेजपाल शेखावत ने प्रथम दिन के पहले सत्र में जीवन में काम आने वाली बहुत ही महत्तवपूर्ण



बातें बताई। बच्चों में शिक्षा बहुत है संस्कार नहीं है। जैसे हम स्वयं का सम्मान चाहते है वैसे ही दूसरों को सम्मान देना सीखें। आप कर्ता मत बने, सहज भाव से कर्म करें। आत्मसंतुष्टि उसे ही मिलेगी जो अपना कार्य ईमानदारी से करेगा। उन्होंने कहा बच्चे उदंड होते हैं उनमें चंचलता होती है आप उन्हें अच्छे संस्कार दीजिए। अच्छा व्यक्ति अपना प्रभाव सब पर छोड़ता है। बच्चों को प्रोत्साहित करके उन्हें सही रास्ता दिखाना एक शिक्षक का कर्तव्य है। ईमानदारी व प्रेम से सबका दिल जीता जा सकता है। हमारी मनोकामना ही दु:खों का कारण हैं। अहंकार व आलस्य मनुष्य के सबसे बड़े शत्रु हैं इनका त्याग कर के ही जीवन को सहज बनाया जा सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें जैसे हम बच्चे को अबोध जानकर माफ कर देते हैं उसी प्रकार सामने वाले क्रोधी को माफ कर दें। ज्ञान का दीपक जलाकर अज्ञानता को दूर किया जा सकता है। एक शिक्षक को तनाव मुक्त रहकर अपने काम से प्रेम करना चाहिए। बच्चों को समझने का प्रयास करते हुए उन्हें अध्यात्म से जोड़े। प्रकृति का अनुसरण करें और संयम से जीवनयापन करें। दूसरे दिन के प्रथम सत्र में तेजपाल शेखावत द्वारा मेडिटेसन पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। लगभग एक घंटे तक चले इस सत्र में उपस्थित शिक्षकों को विभिन्न ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाया गया। शेखावत ने बताया कि ध्यान मानसिक शांति, आत्म-जागरूकता और एकाग्रता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दैनिक जीवन में ध्यान को अपनाकर तनाव को कम कर सकते हैं तथा अधिक सकारात्मक और ऊर्जावान तरीके से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकते हैं। सत्र के दौरान सभी शिक्षकों ने ध्यान अभ्यास में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शांत एवं सकारात्मक वातावरण में कराए गए ध्यान अभ्यास से प्रतिभागियों ने मानसिक शांति, आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का अनुभव किया। अंत में नियमित ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इसे स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का आवश्यक अंग बताया। इसी शृंखला में ध्यान सत्र के पश्चात विद्यालय के संगीत शिक्षक आत्माराम जांगिड़ व अजेन्द्र ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सभी शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से सुंदरकांड पाठ में सहभागिता की। पाठ के दौरान विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा तथा सभी ने आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी कर्मचारियों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा विद्यालय परिवार ने सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। दूसरे दिन के द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए अपने उद्बोधन में श्रीयुत डालमिया ने कहा कि भगवद्गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन प्रबंधन, नेतृत्व विकास, तनाव नियंत्रण तथा नैतिक मूल्यों की स्थापना का प्रभावी मार्गदर्शक है। उन्होंने बताया कि यदि गीता के सिद्धांतों को विद्यालयी वातावरण में व्यवहारिक रूप से अपनाया जाए तो विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, भावनात्मक संतुलन, निर्णय क्षमता तथा जिम्मेदारी की भावना का विकास किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अकादमिक उपलब्धियाँ प्राप्त करना नहीं बल्कि विद्यार्थियों को चरित्रवान, संवेदनशील एवं मूल्यनिष्ठ नागरिक बनाना भी है।

### कोबरी-सार



# मोहर्रम पर्व को लेकर जिला प्रशासन सतर्क

## विभिन्न विभागों को दिए आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मोहर्रम पर्व के अवसर पर जयपुर शहर में शांति, कानून व्यवस्था एवं आमजन की सुविधा बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर संदेश नायक ने संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला कलक्टर जयपुर संदेश नायक ने बताया कि मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजियों के जुलूस मार्गों पर सुरक्षा, यातायात एवं कानून व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए जाएंगे। पुलिस विभाग को संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, सतत निगरानी रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात पुलिस को जुलूस मार्गों पर सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा मार्गों पर खड़े लावारिस अथवा बाधक वाहनों को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जयपुर नगर निगम एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग को ताजिया मार्गों पर साफसफाई, सड़क मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था, पेड़ों की छंटाई तथा आवारा पशुओं को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। आदेशों के अनुसार जुलूस मार्गों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल उपलब्धता एवं अन्य नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। विद्युत विभाग को जुलूस मार्गों पर आने वाली विद्युत लाइनों को ऊंचा करवाने तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष दल तैनात रखने के निर्देश दिए गए हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पेयजल व्यवस्था तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दवाइयों, एम्बुलेंस, चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ सहित चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मोहर्रम पर्व के दौरान सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने तथा आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

# होटल में शेयर कारोबारी की संदिग्ध मौत

## दोस्तों पर हत्या का आरोप, फेसबुक लाइव के बाद फरार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारायण विहार थाना क्षेत्र में बजरी मंडी के पास स्थित एक होटल में शेयर मार्केट कारोबारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में दोस्तों द्वारा मारपीट कर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक के साथ होटल में ठहरे साथी वारदात के बाद फरार हो गए। आरोपियों द्वारा घटना के बाद फेसबुक लाइव करने का मामला भी सामने आया है। एसआई धर्मेंद्र ने बताया कि गांधी पथ स्थित नित्यानंद नगर निवासी गुरु प्रसाद चौधरी 38 का शव मंगलवार रात होटल एसआर के एक कमरे में बेड पर पड़ा मिला। सूचना पर नारायण विहार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम की सहायता से साक्ष्य जुटाए। शव का मेडिकल बोर्ड से जयपुरिया अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है। एसआई धर्मेंद्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी। जांच में सामने आया है कि गुरु प्रसाद पिछले दो दिनों से अपने पांच-छह दोस्तों के साथ होटल में ठहरा हुआ था और पार्टी कर रहा था। मृतक के बड़े भाई गुरु चरण सिंह ने बताया कि गुरु प्रसाद सोमवार दोपहर दोस्तों से मिलने की बात कहकर घर से निकला था। मंगलवार देर रात पुलिस ने परिवार को सूचना दी। होटल पहुंचने पर उसके शरीर पर चोटों के निशान और बिस्तर की चादर पर खून के धब्बे मिले। होटल स्टाफने बताया कि मृतक अपने दोस्तों के साथ कमरे में ठहरा हुआ था। पुलिस जांच में सामने आया है कि मंगलवार शाम सभी दोस्त होटल छोड़कर चले गए थे। देर रात होटल स्टाफने कमरे का दरवाजा खुला देखा तो अंदर गुरु प्रसाद बेसुध अवस्था में मिला। जांच के दौरान यह भी पता चला कि होटल से निकलने के बाद कुछ युवकों ने वाहन में बैठकर फेसबुक लाइव किया था। वीडियो में राजेश कुमावत, सुरेश गुर्जर, गौरीशंकर, श्रवण कुमावत सहित अन्य युवक दिखाई दे रहे थे। बाद में यह वीडियो हटा दिया गया। एसआई धर्मेंद्र ने बताया कि मृतक के शरीर पर कई चोटों के निशान और खून जमने के प्रमाण मिले हैं। आशंका है कि शराब पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और नशे में धुत साथियों ने उसके साथ मारपीट की। गंभीर चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। जांच में यह भी सामने आया है कि जिस होटल में घटना हुई, वह आरोपी सुरेश गुर्जर के भाई मुकेश का बताया जा रहा है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

# लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय विषय पर संगोष्ठी आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय विषय पर एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी ने बताया कि कार्यक्रम गुरुवार प्रातः 10 बजे जयपुर के दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र के सभागार में आयोजित होगा। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपस्थित रहेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ करेंगे। परनामी ने बताया कि 25 जून गुरुवार भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा दिन है, जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा देश में आपातकाल लागू कर लोकतांत्रिक संस्थाओं, संविधान प्रदत्त अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दमन किया गया था। लाखों लोकतंत्र सेनानियों, विपक्षी नेताओं, पत्रकारों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद किया गया तथा प्रेस पर सेंसरशिप लगाकर नागरिक स्वतंत्रताओं को कुचलने का प्रयास किया गया। ऐसे में भाजपा प्रतिवर्ष 25 जून को लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष और बलिदान को स्मरण करते हुए इस दिन को लोकतंत्र की हत्या का काला अध्याय के रूप में याद करती है। संगोष्ठी के माध्यम से युवा पीढ़ी को आपातकाल के दौरान हुए घटनाक्रम, लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व तथा संविधान की रक्षा के लिए हुए संघर्ष से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही मीसा बंदियों और लोकतंत्र रक्षकों का सम्मान भी किया जाएगा। परनामी ने बताया कि कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# आज 5 घंटे रहेगी बिजली बंद

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्रीमाधोपुर के सहायक अभियंता से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार 25 जून को 33 केवी लाईन पर 132केवी जालपाली के नजदीक सार्वजनिक निर्माण विभाग के शिफ्टिंग के तहत टावर लगाने आदि कार्य किए जाएँगे अतः श्रीमाधोपुर शहर, भारनी, कल्याणपुरा, जोरावरनगर, हाँसपुर, कोटड़ी, नांगलभीम, गोरिया, खेड़ी, मऊ, नाथूसर, बागरियावास, रतनपुरा आदि क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई सुबह 6 से 11 तक बाधित रहेगी।

# सीएसडी कैंटीन खुलने पर पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह आयोजित

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के ग्राम पंचायत गोठड़ा के ढाणी भरगड़ान में बुधवार को पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों की सुविधा के लिए सीएसडी कैंटीन खुलने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर थे जबकि अध्यक्षता सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुरेश कुमार जांगिड़ ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि सैनिक और पूर्व सैनिक राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि सरकार एवं जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को बेहतर



सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कैंटीन परिसर में विधायक कोटे से बिजली कनेक्शन लगवाने की घोषणा की। वहीं कैंटीन के निकट बस स्टैंड निर्माण के लिए उपखंड अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड बनने से आसपास के ग्रामीणों एवं पूर्व सैनिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। समारोह में उपस्थित पूर्व सैनिकों ने विधायक के समक्ष विभिन्न मांगें भी रखीं। उन्होंने खेतड़ी क्षेत्र में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक के लिए भूमि आवंटन, शहीद स्मारक के निर्माण हेतु स्थान उपलब्ध करवाने तथा पूर्व सैनिकों के लिए विश्राम स्थल बनाने की मांग की। विधायक ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों से चर्चा कर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सीएसडी कैंटीन की स्थापना को क्षेत्र के पूर्व सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया।

समारोह का समापन राष्ट्रहित और समाजसेवा के संकल्प के साथ हुआ। इस मौके पर एसडीएम सुनील कुमार चौहान, पूर्व प्रधान मदन लाल गुर्जर, पूर्व सरपंच फतेहसिंह शेखावत, कैप्टन केसर देव, महेंद्र सिंह, रमेश सैनी, हरिराम गुर्जर, बबलू अवाना, प्रताप अधाणा, सतीश खरडिया, प्रभू राजोता, एईएन सुभाष मीणा, बृजपाल सिंह, सत्यवीर सिंह, इककुराम, सतरूप सिंह, कैप्टन मखनलाल, नत्थू सिंह, सुभाष यादव, हवलदार लीलाधर, कन्हैयालाल, कर्नल सुरेश मांदरी, सुबेदार सुंदरलाल, पूर्ण सिंह, सरजीत, कृष्ण भरगड़, नेपाल सिंह, निखिल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# निर्जला एकादशी पर आज होंगे धार्मिक कार्यक्रम

रामावतार सोनी

**बुगाला ( नवयत्न )।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर पंडित गणेश नारायण नेत दादा सुरभि गौशाला में विभिन्न धार्मिक एवं गौसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। गौशाला प्रबंध समिति के कैप्टन महेश बुगालिया व विजयपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे पूजा अर्चना व हवन से होगा। इसके बाद गौमाताओं को आमरस एवं रूहआफ्ज़ा की विशेष सेवा अर्पित की जाएगी। सायंकाल आरती के बाद सुंदरकांड पाठ होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गौभक्तों एवं ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है। प्रबंध समिति ने समस्त गौभक्तों एवं ग्रामवासियों से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर समय पर उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लें तथा गौसेवा का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# 21 जुलाई से आयोजित होने वाले चातुर्मास स्थल का भूमि पूजन हुआ



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** धर्म नगरी नोखा में लाहोटी चौक स्थित हनुमान मंदिर के समीपी 21 जुलाई 2026 से 21 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज दंडी स्वामी का चातुर्मास व यज्ञ की तैयारियों को लेकर बुधवार 24 जून 2026 को प्रातः 8 बजे शुभ मुहूर्त में भूमि पूजन एंव ध्वजा पताका रोपण किया गया। नोखा के जाने माने विद्वान पंडित आसू महाराज पालीवाल द्वारा विधिविधान एंव मंत्रोचार के साथ भूमि पूजन एंव ध्वजा रोपण कार्य करवाया गया। नोखा के धर्म प्रेमी समाज सेवी एंव नोखा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष वयोवृद्ध रामकृष्ण खत्री के सानिध्य में होने वाले इस कार्यक्रम में नोखा क्षेत्र के मूलवास सीलवा एंव मुंबई प्रवासी भामाशाह मघाराम कुलरिया मुख्य अतिथि थे जिनके हाथों चातुर्मास स्थल पर पताका ध्वजा का रोपण व पूजन किया गया। चातुर्मास कमेटी के दामोदर तिवाड़ी के हाथों पूजा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। ?मीडिया प्रभारी इंद्रचन्द मोदी ने प्रेसनोट जारी करके बताया कि भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान शिवनारायण कँवर, शिवकरण बिश्नोई, गिरधारी पारीक, नारायण जोशी, हनुमानसिंह राजपुरोहित, गोपाल मोहता, पार्षद रामेश्वर छीपा, प्रहलाद राय, गोपाल तापड़िया, फुसराज भांणु, कानाराम भांभू आदि की उपस्थिति रही।

# विधायक ने 2.35 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र की ग्राम पंचायत मानोता कलां के गांव झुझारपुर में विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर थे जबकि अध्यक्षता पंस सदस्य घोटी देवी ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काट कर सड़क नवीनीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनकल्याण को समर्पित लगभग 2 करोड़ 35 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों की शुरुआत की गई। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए आगामी समय में 2 करोड़ 16 लाख की लागत के अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्य भी प्रस्तावित किए गए हैं, जिनके माध्यम से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को और मजबूत बनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं ने पेयजल समस्या को प्रमुखता से उठाया। इस पर तत्काल सकारात्मक पहल करते हुए झुझारपुर गांव में 17 लाख की लागत से थ्री-फेस ट्यूबवेल निर्माण की घोषणा की गई। इस घोषणा से ग्रामीणों, विशेष रूप से महिलाओं में खुशी का माहौल देखने को मिला।

ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि ट्यूबवेल बनने से लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का उद्देश्य प्रत्येक गांव तक बेहतर सड़क, पेयजल, बिजली एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं पहुंचाना है, जिससे आमजन के जीवन स्तर में सुधार हो सके। इस अवसर पर ग्रामीणों ने अतिथियों का माल्यार्पण व साफा पहनाकर स्वागत किया तथा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर एडवोकेट रोहिताश मनकश, सतीश कुमार, बबलू अवाना, रामचंद्र, राजपाल, सुरेश, मदनलाल, अशोक कुमार, सुनील कुमार, राकेश कुमार, कपिल कुमार, हरिश कुमार, विकास सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# गोविंददेवजी मंदिर में निर्जला एकादशी पर भक्तों के लिए होंगे खास इंतजाम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** निर्जला एकादशी पर 25 जून को आराध्य देव ठाकुर श्री गोविंददेवजी मंदिर में उमड़ने वाली विशाल श्रद्धालु भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं। भीषण गर्मी और संभावित रिकॉर्ड भीड़ के मद्देनजर इस बार होली और देवउठनी एकादशी की तर्ज पर विशेष क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया जाएगा। श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन कराने के लिए प्रमुख झांकियों का समय बढ़ाया गया है। गोविंद देवजी मंदिर के सेवा अधिकारी मानस गोस्वामी के अनुसार निर्जला एकादशी पर सबसे अधिक भीड़ मंगला और धूप झांकी में रहती है। इसे देखते हुए मंगला झांकी प्रात: 4 बजे से 6:30 बजे तक ढाई घंटे और धूप झांकी सुबह 7 बजे से 9 बजे तक दो घंटे खुली रहेगी। इसके अलावा श्रृंगार झांकी सुबह 9:30 से 10:15 बजे, राजभोग 10:45 से 11:15 बजे, ग्वाल 11:15 से 11:45 बजे, संध्या झांकी शाम 4:30 से 5:15 बजे तथा शयन झांकी शाम 5:45 से 7:15 बजे एवं रात्रि 7:45 से 8:15 बजे तक होगी। वहीं निर्जला एकादशी पर दोपहर में विशेष जलयात्रा झांकी का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें ठाकुरजी शीतल



जल फव्वारों के बीच भक्तों को दर्शन देंगे।

### प्रवेश-निकास की विशेष व्यवस्था

श्रद्धालुओं को जलेब चौक स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि दर्शन के बाद निकासी जय निवास उद्यान की ओर से होगी, ताकि आमने-सामने की भीड़ से बचा जा सके। मंदिर परिसर में इस बार नि:शुल्क जूता घर बंद रहेगा। जूता-चप्पल पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं और नंगे पैर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग कतारें बनाई जाएंगी। जूते पहनकर आने वाले भक्त मंदिर के बाहर बने रैंप से दर्शन कर सकेंगे, जबकि नंगे पैर आने वाले श्रद्धालुओं को जगमोहन में प्रवेश की अनुमति होगी।

### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से बैग, थैला और लेडीज पर्स साथ नहीं लाने की अपील की है। महिलाओं से सोने.चांदी के कीमती आभूषण पहनकर नहीं आने का आग्रह किया गया है। मंदिर परिसर और आसपास पुलिस बल तथा स्वयंसेवकों की तैनाती रहेगी। संदिग्ध व्यक्ति अथवा लावारिस वस्तु दिखाई देने पर तत्काल मंदिर प्रशासन या माणक चौक थाना पुलिस को सूचना देने की अपील की गई है।

### गर्मी को देखते हुए विशेष सलाह

भीषण गर्मी और उमस को देखते हुए प्रशासन ने बुजुर्गों, मरीजों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित श्रद्धालुओं से भीड़ से बचने की अपील की है। श्रद्धालुओं को मटके में जल भरकर लाने तथा अपने साथ पानी की बोतल रखने की सलाह दी गई है। निर्जला एकादशी पर लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं, ताकि भक्तों को सुरक्षित, व्यवस्थित और सहज दर्शन का लाभ मिल सके।

# लखनऊ अग्निकांड के बाद कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल का रियलिटी चेक

## फायर सेफ्टी इंतजाम मिले दुरुस्त



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** लखनऊ में हुए दर्दनाक अग्निकांड के बाद देशभर में शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाएं चर्चा का विषय बनी हुई हैं। इसी क्रम में सरदारशहर स्थित कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल का रियलिटी चेक किया गया, जिसमें फायर सेफ्टी से जुड़े अधिकांश आवश्यक इंतजाम दुरुस्त पाए गए। विद्यालय की मुख्य प्रबंधक सरोज चौधरी ने बताया कि स्कूल परिसर में अग्निशमन यंत्र, फायर होज रील, आपातकालीन निकास मार्ग सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विद्यालय प्रशासन पूरी तरह तैयार है। विद्यालय की मैनेजर दीक्षा चौधरी ने बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए समय-समय पर सुरक्षा उपकरणों की जांच एवं रखरखाव किया जाता है। साथ ही विद्यार्थियों और स्टाफ को आपदा प्रबंधन एवं बचाव संबंधी आवश्यक जानकारियां भी दी जाती हैं। रियलिटी चेक के दौरान यह भी सामने आया कि विद्यालय भवन में आग लगने जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए प्राथमिक सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता के साथ-साथ उनका नियमित परीक्षण और स्टाफ का प्रशिक्षण भी अत्यंत आवश्यक है। लखनऊ की घटना के बाद जहां कई संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल में फायर सेफ्टी से जुड़े इंतजाम संतोषजनक पाए गए, जो विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए राहत की बात है।

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम की पुख्ता व्यवस्था और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें : धौलपुरिया

श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग के संयुक्त निदेशक एवं राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के परियोजना निदेशक डॉ सत्यनारायण धौलपुरिया ने बुधवार को जिले के चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने उप जिला अस्पताल रींगस का निरीक्षण कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, दवाइयों की उपलब्धता, हब एंड स्पोक मॉडल आदि व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले रोगियों के लिए की गई व्यवस्थाओं, स्टॉफ की उपस्थिति, जांचों की स्थिति, उपकरणों का रखरखाव आदि का जायजा लिया।



वहीं वार्ड में भर्ती रोगियों से उनको दी गई चिकित्सकीय सेवाओं व सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए अस्पताल में लगे उपकरणों को परखा। साथ ही प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों से मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उनको स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की जा रही एंटी लार्वल गतिविधियों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही बारिश के मौसम को देखते हुए जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पानी के सैम्पल लेकर जांच करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालयों की छत पर पानी नहीं भरें, इसके लिए छतों की सफाई करवाने तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मौसमी बीमारियों की रोकथाम, दवाइयों की उपलब्धता पर जोर देते हुए कहा कि रोगियों को संस्थान में सभी दवाइयां उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। आवश्यकता होने पर स्थानीय स्तर पर दवाइयों की खरीद करने के लिए समय पर एनओसी लेकर खरीद करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी, डॉक्टर इंद्र राम रणवा, डॉ प्रकाश धायल, डॉ स्वामी नयन, डॉ मनीष मीणा, नर्सिंग अधिकारी अशोक शर्मा, रामचंद्र शर्मा, दिलीप, फूलचंद यादव, पोखर काजला भी मौजूद थे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 38 लोगों का हुआ बीएमडी टेस्ट

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज, जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति द्वारा 24 जून बुधवार को बोन मैरो डेंसिटी बीएमडी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 38 लोगों का बीएमडी टेस्ट किया जाकर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक डॉ. माधव सिंह ने बताया कि शिविर में उपस्थित लोगों को बीएमडी जांच की सहायता से ओस्टियोपोरोसिस की पहचान, फ्रैक्चर की पहचान और इसके जोखिम को कम करने हेतु आवश्यक परामर्श दिया गया। यह शिविर हर महीने में दो बार आयोजित किया जाता है। शिविर में राजेश कुमार, राजकुमार बिजारणियां, दीपक जाटावत, वेदप्रकाश शर्मा, रामस्वरूप यादव समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# 25.34 ग्राम एमडी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन नीलकंठ के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 25.34 ग्राम एमडी मेथम्फेटामाइन बरामद की है। साथ ही मादक पदार्थ के परिवहन में इस्तेमाल की जा रही एक स्विफ्ट डिजायर कार भी जब्त की गई है। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया– पुलिस टीम ने सुजानगढ़ रोड स्थित श्री बालाजी मोटर एंड सर्विस सेंटर के पास कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से 25.34 ग्राम एमडी बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रामप्रताप बिश्नोई 46 पुत्र रामेश्वरलाल और श्रवण पारीक 31 पुत्र देवकरण के रूप में हुई है। दोनों आरोपी बीकानेर जिले के जसरासर थाना क्षेत्र के काकड़ा गांव के निवासी हैं।

### नशे से बचाने के लिए चल रहा अभियान

पुलिस अधीक्षक बीकानेर मृदुल कच्छावा आईपीएस के निर्देशन में जिलेभर में ऑपरेशन नीलकंठ चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना तथा मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई करना है।

### उपनिरीक्षक कुशलाराम के नेतृत्व में दी गई दबिश

इस कार्रवाई को उपनिरीक्षक कुशलाराम के नेतृत्व में अंजाम दिया गया। टीम में हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अक्षय कुमार, कांस्टेबल बाबूलाल और कांस्टेबल तेजाराम शामिल रहे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ के साथ स्विफ्ट डिजायर कार नंबर आरजे 13 सीए 4497 को भी जब्त कर लिया।

### सोर्स और सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ, नडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पूछताछ में मादक पदार्थ के स्रोत, आपूर्ति नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# नि:शुल्क परामर्श शिविर आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व विटिलिगो दिवस के अवसर पर जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एनआईए जयपुर के क्रिया शरीर विभाग द्वारा गुरुवार को आमजन के लिए विशेष नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान अस्पताल के ओपीडी भवन में ओपीडी नंबर–3 पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में विटिलिगो सफेद दाग से पीड़ित मरीजों को आयुर्वेद विशेषज्ञों द्वारा नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा तथा रोग से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने के साथ–साथ उपचार एवं जीवनशैली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। विटिलिगो, जिसे सामान्य भाषा में सफेद दाग कहा जाता है, एक त्वचा संबंधी स्थिति है जिसमें शरीर के कुछ हिस्सों की त्वचा अपना प्राकृतिक रंग खो देती है और वहां सफेद धब्बे दिखाई देने लगते हैं। यह कोई संक्रामक रोग नहीं है और न ही छूने या साथ रहने से फैलता है। समय पर उचित परामर्श और उपचार से इसके प्रभाव को नियंत्रित करने में सहायता मिल सकती है। क्रिया शारीर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सी. आर. यादव ने बताया कि विटिलिगो के प्रति समाज में आज भी अनेक भ्रांतियां एवं गलत धारणाएं मौजूद हैं। विश्व विटिलिगो दिवस का उद्देश्य लोगों को इस रोग के प्रति जागरूक करना, रोगियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए प्रेरित करना है।

# शराब पीने से रोकने पर पत्थर-डंडों से पीटकर युवक की हत्या

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर सदर थाना क्षेत्र में दुकान के बाहर शराब पीने से रोकना एक युवक को भारी पड़ गया। आधा दर्जन युवकों ने पहले घर पर पथराव किया और बाद में युवक को अकेला पाकर पत्थर व डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक की बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के दौरान बीच–बचाव करने पहुंचे परिवार के चार अन्य सदस्य भी घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। थानाधिकारी अनिल जैमन ने बताया कि मृतक की पहचान शिक्षा सागर कॉलोनी, गोविंदपुरा निवासी संजू शर्मा 28 के रूप में हुई है। वह पानी के टैंकर सप्लाई का कार्य करता था। उसके भाई की किराना दुकान घर के बाहर ही स्थित है। थानाधिकारी के अनुसार मंगलवार रात पड़ोस के खेत में एक शादी समारोह चल रहा था। रात करीब 11 बजे कुछ युवक दुकान के बाहर बैठकर शराब पी रहे थे। परिजनों ने उन्हें वहां से जाने के लिए कहा, जिस पर विवाद हो गया। आरोप है कि युवक कुछ देर बाद अपने अन्य साथियों के साथ लौटे और घर पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान संजू उन्हें समझाने के लिए बाहर गया। लेकिन आरोपियों ने उसे घेर लिया और पत्थर से सिर पर हमला कर दिया। इसके बाद डंडों से ताबड़तोड़ वार किए। परिवार के लोग बचाने पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई। जिससे चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल संजू को तत्काल सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बुधवार सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई मंगल शर्मा ने बताया कि संजू के परिवार में पत्नी, छह वर्षीय बेटी और तीन वर्षीय बेटा है। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर है। घायलों का प्राथमिक उपचार कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए गए है।

# गांव हरासर से 8 भामाशाह, 3 प्रेरक जिला स्तर पर होंगे सम्मानित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव हरासर के आठ भामाशाह व तीन प्रेरक जिला शिक्षा अधिकारी चूरू द्वारा सम्मानित होंगे। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरासर के प्राचार्य अनिल कुमार प्रजापत ने बताया कि 29 जून को जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह टाऊन हॉल चूरू में आयोजित होगा, जिसमें यह सम्मान प्रदान किया जायेगा। प्राचार्य ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में ग्राम के भामाशाहों ने विद्यालय में तीन बड़े हॉल मय बरामदा, प्रवेश द्वार, प्रार्थना स्थल, सरस्वती माता मंदिर, कुंड जीर्णोद्वार, कुंड चार दीवार, चौकी, समतलीकरण आदि कार्य करवाये। सम्मानित होने वाले में भामाशाह लक्ष्मणराम खिलेरी, अमराराम गोदारा, झाबरमल जांगिड़, किशोर कुमार दईया, पेमाराम, मोहनलाल बिजारणियां, प्रहलाद राय योगी, भंवरलाल खिलेरी, श्योकरण खिलेरी, प्रेरक अनिल कुमार प्रजापत प्राचार्य, मेगा राम डूडी प्राध्यापक, शीशराम स्वामी अध्यापक के नाम शामिल हैं।

# वीएलटीडी और परमिट समस्याओं को लेकर परिवहन मंत्री से मिले ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** वीएलटीडी व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस के क्रियान्वयन और वाहन परमिट जारी नहीं होने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राजस्थान के उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा तथा परिवहन सचिव भवानी सिंह देथा से सचिवालय में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में जयपुर ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश जैन, संरक्षक रामावतार मोर, राजस्थान ट्रक ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर यूनियन के महासचिव सुरेश गुप्ता तथा उपाध्यक्ष कपिल अग्रवाल शामिल थे। उन्होंने परिवहन व्यवसायियों को वीएलटीडी व्यवस्था के क्रियान्वयन और नए वाहन परमिट जारी नहीं होने के कारण आ रही परेशानियों से अवगत कराया। बैठक के दौरान परिवहन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि वर्तमान स्थिति के कारण परिवहन कारोबार प्रभावित हो रहा है और वाहन संचालकों को कई तरह की प्रशासनिक एवं आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं उनके कार्यालय की ओर से प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि इस विषय पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय एमओआरटीएच के साथ लगातार समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आज शाम तक अथवा गुरुवार तक इस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने ई–डिटेक्शन के तहत जारी चालानों के लिए एमनेस्टी योजना लागू करने की मांग भी रखी। साथ ही अधिकृत विक्रेताओं के माध्यम से उचित दरों पर वीएलटीडी उपकरण उपलब्ध कराने का आग्रह किया, ताकि परिवहन व्यवसायियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। उपमुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और उनके सकारात्मक समाधान का आश्वासन दिया।

# यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर पुलिस का वज्रपात

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राजस्थान पुलिस की ओर से पूरे प्रदेश में मोटरयान अधिनियम एवं केंद्रीय मोटरयान नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध व्यापक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार तथा पुलिस महानिदेशक यातायात अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में 4 जून से 23 जून 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान में राज्यभर में रिकॉर्ड स्तर पर 1.58 लाख से अधिक प्रवर्तन कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान पुलिस ने वाहन की संरचना में अवैध परिवर्तन, अनाधिकृत लाल–नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर, प्रेशर हॉर्न, ब्लैक फिल्म, वाहनों पर अनाधिकृत शब्द एवं चिन्ह तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेट जैसे गंभीर उल्लंघनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। 20 दिनों में कुल 1,58,517 प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसा गया। विशेष अभियान के आंकड़ों के अनुसार 4 जून से 23 जून तक 58,965 वाहनों पर ब्लैक फिल्म, 40,367 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 22,269 वाहनों पर अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन, 16,190 अवैध बॉडी/चेचिस परिवर्तन, 12,224 अनाधिकृत लाल–नीली बत्ती, फ्लैशर एवं हूटर तथा 8,502 प्रेशर एवं एयर हॉर्न के मामलों में कार्रवाई की गई। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि सड़क सुरक्षा को प्रभावित करने वाले उल्लंघनों के विरुद्ध पुलिस की कार्रवाई लगातार प्रभावी और व्यापक रही है। अभियान के अंतर्गत पूरे प्रदेश में 7,416 कार्रवाई की गई। इनमें 2,617 ब्लैक फिल्म, 1,743 नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 1,032 अनाधिकृत शब्द एवं चिन्ह, 987 अवैध संरचनात्मक परिवर्तन, 680 अनाधिकृत लाल–नीली बत्ती और हूटर तथा 357 प्रेशर हॉर्न के मामलों में चालान एवं नियमानुसार कार्रवाई की गई। अगर जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो जयपुर कमिश्नरेट के चारों जिलों पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण व यातायात को मिलाकर कुल 807 कार्रवाई की गईं, जिसमें जयपुर पश्चिम में सर्वाधिक 465 चालान हुए। वहीं, जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में भी 306 वाहनों पर कार्रवाई हुई। लेकिन जयपुर से इतर जिलों की बात करें, तो जालोर जिला 829 कार्यवाहियों के साथ पूरे प्रदेश में नंबर वन पर रहा, जबकि अजमेर जिला 710 कार्यवाहियों के साथ दूसरे पायदान पर रहा। पश्चिमी राजस्थान के पाली जिले में 365 और बालोतरा में 328 वाहनों के चालान काटे एडीजी डॉ मीणा ने बताया कि सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित मानकों के अनुरूप वाहन संचालित करें तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार यातायात व्यवस्था के निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य के साथ प्रदेशभर में प्रवर्तन और जन जागरूकता दोनों स्तरों पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# शिविर में पहुंचे सैंकड़ों लोग, प्रकरणों का हुआ निस्तारण




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2026 के तहत नगरपरिषद कार्यालय में वार्ड नं. 22, 23, 24 का शिविर आयोजित किया गया। कार्यवाहक आयुक्त तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा एवं भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनय माटोलिया द्वारा शिविर का अवलोकन किया गया तथा पट्टा धारक को पट्टा दिया गया। शिविर में कृषि भूमि पट्टा 1, 69, पट्टे 1, पट्टा नवीनीकरण 4, पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 2, जीवीपी 4, सीवर कनेक्शन 17, नाली मरम्मत 1, जन्म–मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 38, स्ट्रीट लाईट 2, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण पत्र 3, पी.एम. स्व निधि 2, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोडे गये सदस्य 26, वृक्षारोपण 18, आज जोड़े गये पेशनर्स की संख्या 8 रही। विद्युत सप्लाई मे व्यवधान के 5, ढीले तारों को व्यवस्थित 2 प्रकरण निस्तारित किए गए।

चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 505 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 130 के प्रकरण प्राप्त हुए। एन.सी.डी. 365 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारित किया गया। शिविर में मण्डल महामंत्री गौरव इन्दौरिया, प्रकाश भार्गव, मण्डल मंत्री मुरारी गोवला, युवा मोर्चा संयोजक हिमाशु भाटी, नरेन्द्र गुर्जर, निवर्तमान पार्षद दीनदयाल पारीक, पुरूषोतम शर्मा, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि पन्नालाल सोनी आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी नगर नियोजक उदय सिंहए सहायक अभियंता विक्रम जोरवाल, सुश्री चारवी, सहायक, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड, कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबीता मीणा व कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग अधिकारी पंकज कुमारी, विष्णु कुमार, ए.एन.एम. सुमन कुमारी, समाज कल्याण विभाग के सहायक लेखाधिकारी प्रहलाद शर्मा तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# पीटीआई भर्ती-2022 में फर्जी डिग्री रैकेट : मुख्य दलाल गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में सरकारी भर्तियों में फर्जी डिग्रियों के जरिए नौकरी दिलाने वाले गिरोहों पर शिकंजा कसते हुए स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए शारीरिक शिक्षक पीटीआई भर्ती परीक्षा–2022 में उत्तर प्रदेश की यूनिवर्सिटी से बैक डेट में फर्जी बीपीएड बी.पी.एड. डिग्री दिलाने वाले मुख्य दलाल पंकज कुमार जैन 42 निवासी करवर जिला बूंदी हाल चित्रकूट जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित को जयपुर के चित्रकूट क्षेत्र से दबोचा गया है। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। एसओजी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि शारीरिक शिक्षक भर्ती परीक्षा–2022 में जे.एस. यूनिवर्सिटी, शिकोहाबाद उत्तर प्रदेश से जारी फर्जी बीपीएड डिग्रियों के मामले में एसओजी ने दर्ज प्रकरण के तहत जांच की जा रही है। जहां जांच में सामने आया कि पंकज कुमार जैन ने अपने सहयोगी पवन सिंह चौहान उर्फ पीएस चौहान के साथ मिलकर भर्ती के एक अभ्यर्थी राजेश कुमार फागणा को फर्जी बीपीएड डिग्री और मार्कशीट उपलब्ध कराने के लिए 1 लाख 30 हजार रुपए में सौदा किया था। इसके बाद आरोपी ने जेएस यूनिवर्सिटी के चांसलर सुकेश कुमार और रजिस्ट्रार नंदन कुमार मिश्रा से मिलीभगत कर पूरे फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। बंसल ने बताया कि अभ्यर्थी राजेश फागणा का यूनिवर्सिटी में शिक्षा सत्र 2020–22 में बैक डेट में प्रवेश दर्शाया गया, जबकि उसे सत्र 2017–19 के चारों सेमेस्टर की फर्जी मार्कशीटें जारी कर दी गईं। इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर उसने शारीरिक शिक्षक के पद पर सरकारी नौकरी हासिल कर ली। एसओजी एडीजी बंसल ने बताया कि इस हाई–प्रोफाइल फर्जी डिग्री रैकेट में जे.एस. यूनिवर्सिटी के चांसलर, रजिस्ट्रार समेत तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य दलाल पंकज जैन की गिरफ्तारी के बाद अब जांच को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। एसओजी अब रिमांड अवधि के दौरान यह पता लगाने में जुटी है कि पंकज जैन ने राजस्थान के कितने अन्य अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश की इस यूनिवर्सिटी से फर्जी डिग्रियां दिलवाईं। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में भर्ती घोटाले से जुड़े कई और नाम सामने आ सकते हैं। एसओजी अधिकारियों के अनुसार मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में फर्जी डिग्री रैकेट से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी भी संभव है।

### स्कूल व पशु अस्पताल भवन की मरम्मत करवाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नाथोतालाब निवासी बनवारीलाल भार्गव ने एडीएम को एक ज्ञापन सौंपकर पशु अस्पताल और जाजोदिया स्कूल के भवनों की मरम्मत करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बनवारीलाल भार्गव ने बताया है कि नाथो तालाब के पास जानवरों का अस्पताल स्थित है, जिसकी बिल्डिंग जर्जर है, जिसके कारण यहां पर आने वाले लोगों और स्टाफ को दिक्कत हो सकती है।

इसलिए इस भवन की मरम्मत आवश्यक है। इसी प्रकार सरकारी जाजोदिया स्कूल की मरम्मत करवाये जाने की मांग भी की गई है, ताकि बच्चों व स्कूल स्टाफ को बारिश की ऋतु में किसी प्रकार का खतरा न हो।

# मोहर्रम को लेकर सीएलजी की बैठक आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आगामी 26 जून को मनाए जाने वाले मोहर्रम पर्व को लेकर श्रीमाधोपुर चौकी परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद शर्मा ने की। बैठक में मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजियों, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम और आपसी भाईचारे को लेकर चर्चा की गई। सब इंस्पेक्टर शर्मा ने सभी समुदायों से शांति, सौहार्द और आपसी सहयोग के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। बैठक में मोहम्मद आबिद शेख, शाहिद मोहम्मद, हनीफ कुरेशी, रफीक कुरैशी, इमामुद्दीन तेली, शंकर महाजन, अशोक सोनी, रामकरण आचार्य, गजेंद्र सिंह शेखावत, बबलू, एचएम थाना सागरमल तथा हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, आसूचना अधिकारी राजवीर सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राधा गोपीनाथ का गंगाजल से हुआ अभिषेक

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** नगर आराध्य भगवान श्री राधा गोपीनाथ का ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को पतित पावनी मां गंगा के अवतरण दिवस पर गंगोत्री, मंदाकिनी, अलकनंदा, गंगा एवं यमुना जी के पावन जल से जलाभिषेक वैदिक मंत्रों के साथ किया गया। इसी के साथ जमुना स्वरूप जल कुंड म मैं भगवान की निकुंज स्वरूप नौका विहार उत्सव का भक्तों के द्वारा आयोजन किया गया। भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं में गोपिकाओं के साथ यमुना जल में जलविहार एक उत्तम प्रेम लीला का वर्णन श्रीमद् भागवत में किया गया है। भगवान श्री कृष्ण के के श्री गोपीनाथ स्वरूप में जलविहार एवं नौका बिहार का अत्यंत महत्व है।

भगवान की ज्येष्ठ की उष्णता को कम करने के लिए उक्त उत्सव का आयोजन प्रेम स्वरूप किया जाता है। उत्सव के दौरान सभी भक्तों ने हर एक कृष्ण महामंत्र का विशिष्ट ध्वनियों से गान करते हुए भगवान को रिझाया एसाथ ही विभिन्न भक्त कवियों द्वारा उल्लिखित राग मल्हार के पदों को गान करके भगवान को समर्पित किया गया।

# नकली इंजेक्शनों से प्रसूताओं की जान जा रही : डोटासरा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य सेवाएं रसातल में पहुंच गई हैं और नकली दवाइयों व इंजेक्शनों के कारण प्रसूताओं की मौत के मामले सामने आ रहे हैं। डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना और आरजीएचएस के तहत लोगों को 25 लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा था, जबकि वर्तमान सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने में विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पतालों में नकली दवाइयों और इंजेक्शनों का उपयोग मरीजों की जान पर भारी पड़ रहा है। उन्होंने कोटा, जोधपुर और बीकानेर के अस्पतालों में प्रसूताओं की मौत और गंभीर रूप से बीमार महिलाओं के मामलों का उल्लेख करते हुए सरकार से जवाब मांगा। डोटासरा ने कहा कि कोटा में सी–सेक्शन के बाद पांच प्रसूताओं की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य महिलाएं गंभीर हालत में हैं। बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में भी अव्यवस्थाओं के चलते महिलाओं की मौत और किडनी फेल होने के मामले सामने आए हैं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन से जुड़े मामलों में सरकार अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि आरजीएचएस योजना के तहत निजी अस्पतालों को भुगतान नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चिकित्सा मंत्री के बयानों को असंवेदनशील बताते हुए डोटासरा ने कहा कि प्रसूताओं को लेकर दिए गए बयान पीड़ित परिवारों की भावनाओं को आहत करने वाले हैं। उन्होंने घोषणा की कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली के साथ जल्द ही बीकानेर जाकर इस मुद्दे पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। डोटासरा ने अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा आवश्यक है, लेकिन आस्था के केंद्रों को राजनीतिक दृष्टिकोण से निशाना बनाना उचित नहीं है। प्रभावित लोगों से संवाद और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति और प्रसूताओं की मौत के मामलों की उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया है।

## सम्पादकीय

# सूखे की आशंका



यह अच्छा हुआ कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अल नीनो प्रभाव के चलते मानसून में कमी को देखते हुए सूखे की आशंका से निपटने के लिए फिर से बैठक की। इसके पहले उन्होंने एक बैठक इस माह के प्रारंभ में भी की थी। गत दिवस की बैठक में उन 315 जिलों की पहचान की गई, जो सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। इन जिलों में भी 111 ऐसे हैं, जहां सूखे का असर कहीं अधिक हो सकता है।

निःसंदेह भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बारिश में कमी एक गंभीर चुनौती है। सूखे की आशंका केवल किसानों की ही समस्या नहीं बढ़ाएगी, बल्कि कमजोर फसल के नतीजे में अनाज के महंगे होने से आम आदमी भी प्रभावित हो सकता है। फसल उत्पादन में कमी को देखते हुए सरकार को खाद्य सुरक्षा के प्रति सचेत होना होगा। इसकी भी अनदेखी न की जाए कि कमजोर मानसून ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर भी असर डालता है। निःसंदेह बारिश में कमी के चलते चुनौती केवल सिंचाई के जल के अभाव के रूप में ही पैदा नहीं होगी, बल्कि देश के कुछ इलाकों में पेयजल संकट भी बढ़ सकता है। वैसे भी गर्मियों में देश के कई हिस्से इस संकट से दो-चार होते ही हैं। स्पष्ट है कि कृषि मंत्रालय के साथ जलशक्ति मंत्रालय को भी सक्रिय होना होगा।

अब जब सूखे की आशंका गहराती जा रही है, तब फिर उसके असर से निपटने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी की जानी चाहिए। इस तैयारी के अनुकूल परिणाम तभी मिलेंगे, जब राज्य सरकारें केंद्र सरकार के साथ मिलकर काम करेंगी। इसमें देरी नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि अब यह स्पष्ट हो चुका है कि इस बार बारिश कम होने जा रही है। यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य हो गया है कि किसानों को कम पानी वाली फसलें उगाने के लिए आवश्यक सलाह और सहायता देने में देर न की जाए। इसी तरह यह भी देखा जाए कि जलाशयों के जल का समुचित उपयोग हो। यह सही समय है कि जल संरक्षण के साथ वर्षा का पानी बचाने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पानी की बर्बादी को रोकने के भी यथासंभव उपाय करने होंगे और इसमें हर किसी को अपनी भूमिका निभानी होगी। चूंकि अपने देश की समस्या यह है कि कृषि का एक बड़ा हिस्सा बारिश के जल पर निर्भर है, इसलिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वर्षा जल संचयन संबंधी योजनाओं की समीक्षा हो।

इसकी कोशिश हर स्तर पर होनी चाहिए कि बारिश के जल का अधिकाधिक संचयन हो सके। चूंकि अल नीनो प्रभाव के अतिरिक्त जलवायु में लगातार परिवर्तन एक हकीकत है, इसलिए उससे उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के उपायों पर सतत ध्यान देने की रणनीति समय की मांग है। बारिश होते ही सूखे से निपटने के दीर्घकालिक उपायों की अनदेखी ठीक नहीं।

## विशेष आलेख

# संपूर्ण दवा सुरक्षा शृंखला को कीजिए मजबूत



अधिकारियों को इस गलतफहमी से बचना चाहिए कि सिर्फ़ बिक्री का तौर-तरीका बदलने से सुरक्षा की संपूर्ण शृंखला दुरुस्त हो जाएगी। असली काम एक ऐसी दवा प्रणाली बनाना है, जिसमें दवाएं उत्तम गुणवत्ता की हों, परामर्श तार्किक हों, दवा विक्रेता की ज़िम्मेदारी तय हो, नागरिक जानकारी युक्त हों और नियामक किसी बड़ी घटना के होने से पहले ही कदम उठा लें।

अक्तूबर, 2025 में, मध्य प्रदेश के एक ज़िले में संदूषित कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत की ख़बरों ने देश को झकझोर दिया था। अब, जून, 2026 में, भारत सरकार ने कुछ नियम बदले हैं और 'शेड्यूल के' से सभी सिरप को अनुमति सूची से हटा दिया है। 'शेड्यूल के' में गांवों या ऐसी जगहों पर, जहां पर आबादी एक हज़ार से कम है, गैर-फ़ार्मेसी दुकानों पर भी सिरप बिक्री को मंजूरी थी। अब पूरे देश में, दवा युक्त सिरप आम दुकानों पर नहीं रखी जा सकती और उनकी बिक्री डॉक्टर की पर्ची पर होना अनिवार्य है।

मध्य प्रदेश की कफ सिरप त्रासदी के बाद जांच हुई और कुछ नियामक पहल हुई। इस घटना की याद ने नीतिगत फ़ैसले को आकार दिया है। हालांकि, इसे मोटे तौर पर कफ सिरप की बिक्री के लिए डॉक्टर की पर्ची अनिवार्य किए जाने के फ़ैसले के तौर पर देखा जा रहा है, लेकिन सच तो यह है कि ज़्यादातर दवा युक्त कफ सिरपों में (हर्बल सिरप को छोड़कर) ऐसे तत्व होते हैं, जिनकी खरीद या बेचने से पहले डॉक्टर की पर्ची की अनिवार्यता हमेशा से थी। मगर, पालन नहीं किया जाता था। यह नीतिगत फ़ैसला स्पष्ट रूप से पर्ची की अनिवार्यता को सुदृढ़ करता है। सभी सिरपों में, भारत में सबसे अधिक गलत इस्तेमाल कफ़ सिरप का होता है। कई लोग बीमारी की सही शिनाख्त करवाए बिना खुद से इन्हें खरीद लेते हैं, छूत से लगी सर्दी-खांसी में इनका इस्तेमाल करते हैं जबकि इनसे फायदा बहुत कम होता है। सुरक्षा संबंधी चिंताओं के बावजूद यह छोटे बच्चों को बार-बार खुराक दी जाती है। धारणा बना ली कि मीठा तरल नुकसानदायक प्रतीत नहीं होता। कुछ सिरप फार्मूलों में एंटीहिस्टामाइन, डिकंजेस्टेंट, सिडेटिव, ओपिओइड या अल्कोहल जैसे तत्व होते हैं, जो फ़ायदे के बजाय नुकसान अधिक पहुंचा सकते हैं। किशोरों और वयस्कों में भी कुछ किस्म के सिरप का गलत इस्तेमाल होता है। पर्ची की अनिवार्यता बनने से लोग आसानी से इन्हें नहीं खरीद पाएंगे, पहले डॉक्टर से मिलना ज़रूरी हो जाएगा। फिर भी, यह कहानी का सिर्फ़ एक हिस्सा है। कई परेशान माता-पिता के लिए बच्चे की खांसी चिंताजनक हो जाती है, और डॉक्टर के पास जाने पर अगर सिरप न लिखा जाए तो उन्हें अक्सर लगता है कि इलाज अधूरा रह गया। मरीज़ अक्सर कफ सिरप लिखने की मांग करते हैं और अगर डॉक्टर मना कर दे, तो कुछ परिवार किसी दूसरे डॉक्टर का रुख करते हैं, जो इसे लिख दे। पुरानी पर्चियों को भी संभालकर रखा जाता है और मिलते-जुलते लक्षणों के लिए वही दवा दोबारा खरीदने में इस्तेमाल किये जाते हैं। ऐसे हालात में, नियमों में यह बदलाव गलत इस्तेमाल को कम कर सकता है, पर्ची की अनिवार्यता होने को मजबूत करता है और गलत इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाले व्यवहार को बदल सकता है।

बेशक, यह बदलाव स्वागतयोग्य है, लेकिन काफ़ी नहीं है। मध्य प्रदेश की कफ सिरप त्रासदी मुख्य रूप से डॉक्टर की पर्ची न होने के कारण नहीं हुई थी। यह बच्चों तक संदूषित उत्पाद पहुंचने के कारण हुई। जब डायथिलीन ग्लाइकॉल या एथिलीन ग्लाइकॉल—वे औद्योगिक रसायन, जो दवाओं में कदापि नहीं होने चाहिए—किसी सिरप में मिला दिए जाएँ, तो यह व्यवस्था-तंत्र की विफलता है, जिसकी ज़िम्मेदारी ऊपर स्तर पर बैठे नियामकों की है। इसमें कच्चे माल की खरीद, परीक्षण, लाइसेंसिंग, निरीक्षण और बाज़ार से उत्पाद हटाने जैसी प्रक्रियाओं की प्रभावी निगरानी आवश्यक होती है। डॉक्टर की परामर्श पर्ची उपयोग को तो नियंत्रित कर सकती है, लेकिन संदूषित खेप को सुरक्षित नहीं बना सकती।

अन्य देश इस बाबत उपयोगी सबक हो सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में, खांसी और जुकाम की कुछ दवाएं बिना डॉक्टर की पर्ची के उपलब्ध हैं, लेकिन नियामक दो साल से कम उम्र के बच्चों में इनके उपयोग पर चेतावनी देते हैं, और निर्माता आमतौर पर चार साल से कम उम्र के बच्चों के लिए उपयोग के खिलाफ लेबल पर लिखा होता है। यूनाइटेड किंगडम में, कई खांसी और जुकाम की दवाएं छह साल से कम उम्र के बच्चों के लिए अनुशंसित नहीं हैं, जबकि छह से बारह वर्ष की आयु के बच्चों में उनका उपयोग स्वास्थ्य कर्मी की देख-रेख में होता है। ऑस्ट्रेलिया ने भी छोटे बच्चों में इसके उपयोग को हतोत्साहित किया है और लेबल पर बाकायदा चेतावनी छापने को कड़ा कर रखा है। ये देश दुर्घटना अवसर घटाने के लिए केवल डॉक्टर की पर्ची पर निर्भर नहीं हैं। वे आयु प्रतिबंध, चेतावनी लेबल, डाक्टरी परामर्श, विष नियंत्रण प्रणाली, प्रतिकूल घटना पर त्वरित सूचना और निगरानी उपायों का उपयोग करते हैं। भारत को एक बहुस्तरीय दृष्टिकोण की आवश्यकता है। सर्वप्रथम, दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और जुकाम की दवाइयां न तो लिखी जानी चाहिए और न ही दी जानी चाहिए, सिवाय कुछ दुर्लभ मामलों में विशेषज्ञ की सलाह पर। इनसे बड़े बच्चों के लिए, मानकीकृत देखभाल की शुरुआत, दिलासा देने, तरल पदार्थ देकर, जरूरत पड़ने पर बुखार नियंत्रण, सेलाइन ड्रॉप्स, एक साल की उम्र के बाद शहद देना और स्पष्ट चेतावनी संकेतों को बूझना, जिन्हें चिकित्सकीय ध्यान की आवश्यकता है, जैसे उपायों से हो सकती है। माता-पिता को यह पता होना चाहिए कि ज्यादातर खांसी एक संक्रमण रोग है, अपने आप ठीक हो जाती है और इसके लिए सिरप की जरूरत नहीं होती।

दूसरा, उत्पादन नियमों को और अधिक सुदृढ़ किया जाना चाहिए। प्रत्येक पी जाने वाली दवा, जिसमें ग्लिसरीन, प्रोपिलीन ग्लाइकॉल या सॉर्बिटोल जैसे सहायक पदार्थ शामिल होते हैं, उनकी विषाक्तता की अनिवार्य जांच की जानी चाहिए। कच्चे माल के आपूर्तिकर्ता लाइसेंस धारक हों, और उन पर नजर रखी जानी चाहिए।

राज्य औषधि नियामकों को प्रशिक्षित निरीक्षकों, आधुनिक प्रयोगशालाएं, डिजिटल रिकॉर्ड और दबाव से मुक्ति की आवश्यकता है। बार-बार उल्लंघन करने पर केवल अस्थायी निलंबन ही नहीं, बल्कि मुकदमा और लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई भी होनी चाहिए। तीसरा, विषाक्ता का पता लगने पर शेष दवा को बाज़ार से तुरंत हटाने वाली प्रणाली होना जरूरी है। एक बार दूषित उत्पाद का संदेह होने पर, सूचना दिनों की बजाय घंटों में प्रसारित होनी चाहिए। एक राष्ट्रीय डिजिटल दवा रिकॉल प्लेटफॉर्म हो, जोकि बैच नंबर, फार्मेसियों, डॉक्टरों, अस्पतालों और आम जनता से जुड़ा हो, इससे कई जानें बच सकती हैं। हर बोतल पर एक क्यूआर कोड होना चाहिए जिसके माध्यम से माता-पिता निर्माता, बैच नंबर, समाप्ति तिथि और रिकॉल की स्थिति की पुष्टि कर सकें। चौथा, डॉक्टरों और दवा विक्रेताओं को अपने काम करने के तरीके में बदलाव करना होगा। परामर्श पर्ची में बीमारी की शिनाख्त, उम्र के हिसाब से दवा की मात्रा और कितने समय तक दवा देनी है, यह सब दर्ज हो। खांसी की मिश्रित दवाएं (कॉम्बिनेशन सिरप) का इस्तेमाल बिना सोचे-समझे नहीं करना चाहिए। दवा विक्रेताओं को बिक्री का रिकॉर्ड रखना चाहिए, तीमारदारों को जानकारी युक्त करना और असुरक्षित मांगों को साफ इंकार कर देना चाहिए।

## स्वास्थ्य समाचार

# छोटे बच्चों को डिहाईड्रेशन होने पर पिलाएं ये ड्रिंक्स

गर्मी में बच्चों को देखभाल की बहुत ज्यादा जरूरत होती है क्योंकि खेलने-कूदने के दौरान वह अपने स्वास्थ्य का अच्छे से ध्यान नहीं रख पाते हैं, जिसकी वजह से उन्हें गर्मी या लू आसानी से लग जाती है। साथ ही बड़ों की तरह बच्चे गर्मी के प्रभाव को कम करने के उपाय के बारे में उतना अधिक सोच नहीं पाते हैं। इसलिए वे जूस या पानी का अधिक मात्रा में सेवन नहीं कर पाते हैं लेकिन इन सब चीजों से उन्हें कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। इससे उनका इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है। इसके अलावा उन्हें बुखार और पेशाब करने में परेशानी हो सकती है। साथ ही उन्हें चेचक, टायफॉइड और अन्य तरह की बीमारियां भी हो सकती है इसलिए गर्मी आने पर बच्चे के शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए हमेशा ध्यान रखें और डिहाईड्रेशन के लक्षण दिखने पर तुरंत समाधान करें। आप आपके मन में सवाल उठ रहे होंगे कि बच्चा अगर डिहाइड्रेट महसूस कर रहा हो, तो हम उन्हें क्या पीने को दे सकते हैं, जिससे वे अंदर से हाइड्रेट महसूस करें और उनके शरीर में ताजगी और ठंडक बनी रही।

### नींबू पानी

गर्मियों में नींबू पानी आपको रिफ्रेश करने का काम करता है। साथ ही शरीर को हाइड्रेट भी रखता है। इसमें विटामिन सी, थियामिन, रिबोफ्लोविन, नियासिन, विटामिन बी- 6, फोलेट और विटामिन-ई की मात्रा मौजूद रहती है। जिसकी मदद से पाचन क्रिया हो तंदुरुस्त बनाने और इम्यून सिस्टम मजबूत करने में मदद मिलती है। साथ ही यह पूरे दिन ऊर्जा को बनाए रखता है। यह गर्मियों में स्किन को जलन से भी बचाता है। इसे बनान बेहद आसान है। इसके लिए आप एक गिलास पानी में आधा नींबू और चीनी की कुछ मात्रा डालकर एक बढ़िया जूस बना सकते हैं।

### छाछ

गर्मियों में सबसे बढ़िया पेय पदार्थों में से एक है छाछ। गर्मियों में छाछ पीने से शरीर तरोताजा रहता है। यह शरीर को अंदर से शक्ति प्रदान करता है और बच्चे धूप में खेलते समय भी प्यास का अनुभव कम करते हैं। छाछ में कैल्शियम, विटामिन बी12, जिंक, राइबोफ्लेविन और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में मौजूद होते हैं। यह बच्चे की हड्डियों को स्वस्थ रखने और कोलेस्ट्रोल को कम करने में मददगार है। छाछ स्ट्रेस और चिंता को भी कम कर सकता है।

### आम पन्ना

गर्मी के दिनों में आम पन्ना का सेवन बच्चों को कई तरह से फायदा पहुंचा सकता है। यह दिनभर उनको ऊर्जावान बनाए रख सकता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, विटामिन ए, विटामिन बी 1, बी 2 और विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. जो शरीर को हाइड्रेट और स्वस्थ रखने में मददगार साबित हो सकते हैं। यह बच्चों की स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इसे बनाने के लिए आप आम के गुदे को जूसर में डालकर अच्छे से शेक तैयार कर सकते हैं। साथ ही आप कच्चे आम को पकाकर उसका आमझोरा भी बना सकते हैं। यह भी बच्चों को धूप और लू से बचाने में मदद करता है।

### फलों से बना जूस

आप गर्मी में बच्चे को कई तरह के फलों से बने रस भी पीने को दे सकते हैं। इससे भी बच्चे को अच्छा महसूस हो सकता है। इसमें आप तरबूज, स्ट्रॉबेरी और केला शामिल कर सकते हैं। दरअसल इन फलों में प्रचुर मात्रा में पोटैशियम, राइबोफ्लेविन, आयरन, कैल्शियम, जिंक, फाइबर, नियासिन, आयरन, विटामिन-ए, विटामिन-सी, विटामिन-बी और लाइकोपीन जैसे कई पोषक तत्व होते हैं। जो बच्चे की सेहत को ठीक रखने के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इसे बनाने के लिए आप तरबूज, केला और स्ट्रॉबेरी को बारीक काट लें। फिर उसे जूसर में ब्लेंड करके उनका जूस तैयार कर लें। आप चाहे तो इसमें थोड़े सीड्स भी मिला सकते हैं। इससे बच्चे को ओमेगा-3 फैटी एसिड भी मिलता है।

### सब्जियों से बना जूस

सब्जियों का सेवन गर्मियों को कम करने के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह आपके शरीर में पर्याप्त मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट और कई तरह के पोषक तत्वों को उपलब्ध करवाता है। साथ ही इससे बच्चे रिफ्रेश भी महसूस करते हैं।

इसके लिए आप कई तरह की सब्जियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप गाजर, चुकंदर और पालक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे जूस से बच्चे का इम्यून सिस्टम, हड्डियां और शरीर में खून की समस्या भी ठीक हो सकती है। ये पूरे दिन उनके पेट को भरी रखता है।



# चेहरे पर लाल फुंसियां क्यों हो जाती हैं? इसे दूर करने के यह आयुर्वेदिक उपाय

चेहरे की त्वचा साफ सुथरी और खूबसूरत हो तो सभी को अच्छा महसूस होता है। लेकिन कई लोगों को चेहरे की त्वचा से जुड़ी तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसमें सबसे आम है चेहरे पर लाल दाने या फुंसियां । चेहरे पर लाल दाने पूरी खूबसूरती को खराब कर देते हैं, साथ ही कई बार इनमें दर्द, जलन और खुजली भी होती है। चेहरे की इन फुंसियों को मिटाने के लिए अकसर लोग तरह-तरह के महंगे प्रोडक्ट्स यूज करते हैं, लेकिन आप चाहें तो सिर्फ कुछ आयुर्वेदिक उपायों की मदद से भी लाल फुंसियों से छुटकारा पा सकते हैं। खूबसूरत, निखरी और चमकदार त्वचा पा सकते हैं।



**एलोवेरा जेल :** आयुर्वेद में एलोवेरा जेल का काफी उपयोगी माना गया है। यह सेहत, बालों और त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होता है। चेहरे पर लाल फुंसियां होने पर ही एलोवेरा का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए आप फ्रेश एलोवेरा पल्प लें, इसे चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को साफ पानी से धो लें।

चेहरे के दानों को मिटाने के लिए आप दिन में एक बार एलोवेरा जेल जरूर लगाएं। चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाने से एक्ने से छुटकारा मिलेगा, साथ ही खूबसूरत और चमकदार त्वचा भी मिलेगी।

**चंदन :** चंदन त्वचा को ठंडक देने में कारगर होता है। चेहरे की लाल फुंसियों पर चंदन का लेप लगाने से समस्या में आराम मिलता है। चंदन का लेप चेहरे को ठंडक देता है, धीरे-धीरे दानों को भी मिटाता है। चंदन में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो चेहरे के कील मुहांसों, फोड़े-फुंसियों पर प्रभावी होता है। साथ ही चंदन में एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो एजिंग को रोकता है। इसके लिए आप चंदन का पाउडर लें, इसमें गुलाब जल मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं, 15 मिनट बाद साफ पानी से धो लें। इससे आपको खूबसूरत, निखरी और बेदाग त्वचा मिलेगी।

**नीम :** आयुर्वेद में नीम का उपयोग कई समस्याओं का इलाज करने के लिए किया जाता है। त्वचा की समस्याओं को ठीक करने में भी नीम कारगर होता है। अगर आपके चेहरे पर लाल फुंसियां हैं, तो आप नीम का पेस्ट लगा सकते हैं। इसके लिए आप नीम की कुछ पत्तियां लें, इसमें धोकर बारीब पेस्ट बना लें। अब इसे अपने चेहरे या लाल फुंसियों पर लगाएं।

20 मिनट पर साफ पानी से धो दें। बेहतर परिणाम के लिए आप नीम के पेस्ट को हफ्ते में 2-3 दिन लगा सकते हैं। नीम में एंटी वायरल, एंटी सेप्टिक और एंटी पंगल गुण होते हैं, जो त्वचा के फोड़े-फुंसियों को ठीक करने में सहायक होते हैं।

**पुदीने का पेस्ट :** आयुर्वेद के अनुसार पुदीने की तासीर ठंडी होती है। यह पेट को ठंडक देने के साथ ही त्वचा को भी फ्रेश, कूल रखने में मदद करता है। चेहरे की लाल फुंसियों को मिटाने में भी पुदीना कारगर होता है। इसके लिए आप पुदीना की 10-12 पत्तियां लें। अच्छी तरह धोकर बारीक पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे या लाल फुंसियों पर लगाएं। सूखने के बाद चेहरे को ताजे पानी से धो लें। इससे आपकी त्वचा को ठंडक मिलेगी, फुंसियां भी धीरे-धीरे मिटने लगेगी। पुदीना का पेस्ट चेहरे के दाग-धब्बों को मिटाने में भी कारगर होता है। पुदीना पेस्ट लगाने से चेहरे की त्वचा मुलायम, निखरी, खूबसूरत और चमकदार बनती है।

## आज का राशिफल

### मेष
पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है।

### वृष
निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

### मिथुन
सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

### कर्क
स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### सिंह
निवेश शुभ रहेगा। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। प्रमाद न करें। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।

### कन्या
आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

### तुला
नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे।

### वृश्चिक
आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### धनु
पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। आत्मशांति रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

### मकर
व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। छोटी सी गलती से समस्या बढ़ सकती है।

### कुंभ
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें।

### मीन
नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

# डॉ सैनी बने आयुर्वेद के कार्यवाहक उपनिदेशक

निसं



**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** कस्बे के ढाकला में जन्मे जाए और जोधपुर को अपनी कर्मभूमि बनाकर करीब 28 वर्षों तक एक ही जगह सेवा देने के बाद अब एक सरकारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ भींवा राम सैनी राजकीय आयुर्वेद औषधालय शेरगढ़ को उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जोधपुर के पद पर अतिरिक्त कार्य भार दिया गया है और अग्रिम आदेशों तक इस पद पर बने रहेंगे। इस पद की जिम्मेदारी लेते हुए डॉ सैनी बुधवार को अपना पद ग्रहण किया। उपनिदेशक का पद भार संभालने पर उनके शुभ चिंतको ने उन्हें बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान डॉ मनोहर सिंह राठौड़, डॉ अंजू नागर, डॉ राजकुमार, डॉ विक्रम गोपा, डॉ केशव देव, डॉ प्रेम सुख, डॉ. अशोक मित्तल, अब्दुल सलाम चिश्ती मदन सिंह राजपुरोहित सहित खांडा फलसा का पूरा स्टाफमौजूद रहा।

## गायत्री जयंती महोत्सव : आम की अमिया से सजी माता गायत्री की झांकी

**जयपुर (नवयत्न)।** गलता गेट स्थित श्री गीता गायत्री मंदिर में दो दिवसीय गायत्री जयंती महोत्सव का शुभारंभ मंगलवार को श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हुआ। महोत्सव 24 और 25 जून को पंडित राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि गायत्री जयंती महोत्सव के तहत माता गीता गायत्री की आम की अमिया से विशेष झांकी सजाई गई। इसके साथ ही द्वादश ज्योतिर्लिंगों का पंचामृत, ऋतु फलों के रस एवं ईख गन्ने के रस से विशेष अभिषेक किया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। उन्होंने बताया कि मां गायत्री को वेदों की जननी माना जाता है। गायत्री मंत्र का जप मन, बुद्धि और आत्मा को पवित्र बनाकर आत्मज्ञान तथा आत्मबल प्रदान करता है।

### गांव में ही मिली सफर की सौगात

# 16 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क रोडवेज यात्रा कार्ड

निसं

**मंडावा (नवयत्न)।** राज्य सरकार के ग्रामीण सेवा शिविर आमजन को सरकारी सेवाएं उनके गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में 16 पात्र वरिष्ठ नागरिकों को राजस्थान रोडवेज के निःशुल्क यात्रा कार्ड जारी कर राहत प्रदान की गई। शिविर में वर्ष 1944 में जन्मे हरलाल तथा 81 वर्षीय मोहनी देवी सहित कुल 16 वरिष्ठ नागरिकों के निःशुल्क यात्रा कार्ड बनाकर उन्हें सौंपे गए। इससे पहले इन सुविधाओं के लिए बुजुर्गों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे लेकिन शिविर के माध्यम से सभी औपचारिकताएं एक ही स्थान पर पूर्ण कर दी गई। इस कार्य को सफल बनाने में राजस्थान रोडवेज के परिचालक तरुण बागोरिया, झुंझुनू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके सतत प्रयासों एवं समन्वय से दस्तावेजों का सत्यापन कर निर्धारित समय में पात्र लाभार्थियों को यात्रा कार्ड उपलब्ध कराए गए। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज यात्रा में मिलने वाली विभिन्न रियायतों एवं सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी देवीलाल यादव, तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर, विकास अधिकारी अमित चौधरी तथा परिचालक तरुण बागोरिया उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर केवल सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का माध्यम नहीं बल्कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और सुविधा प्रदान करने का प्रभावी मंच भी बन रहे हैं।



# वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की संविधान संशोधन की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल की मौजूदगी में वाल्मिकी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से मिला है। निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार ने बताया कि उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर भारतीय संविधान में संशोधन की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि साफ सफाई का कार्य वाल्मिकी समाज और गांछा समाज के लोग ही कर रहे हैं। अतः सफाई कर्मचारी भर्ती के मामले में संविधान संशोधन कर नया अनुच्छेद जोड़ा जाकर इसे कानून का रूप दिया जावे, ताकि सफाई कर्मचारी भर्ती की 100 प्रतिशत नौकरी इन समाज के लोगों को ही मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान लक्ष्मण तेजी, रेंवतमल पंवार, रामस्वरूप बारवासा, राहुल तेजी, राहुल खैरवाल, विक्की तेजी, नोरतन तेजी, ओम प्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।



# 3646 लाभार्थियों को किया लाभावित



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 12 जून से 15 जुलाई तक ग्रामीण सेवा शिविर 2026 चलाया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत लगभग 22 विभागों के चिन्हित कार्यों का मौके पर निष्पादन एवं समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस दौरान पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत नांगल व पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत किशोरपुरा में शिविरों का आयोजन किया गया। जिनमें राजस्व विभाग के ऑनलाइन प्रमाण पत्र-45, शुद्धीकरण-35, सीमा ज्ञान/पथरगढ़ी-2, नामांतरण-25, विभाजन-2 रास्ता-1 प्रकरणों का निस्तारण किया गया तथा अन्य विभागों में आयोजना विभाग के 31, खाद्य विभाग के 15, पंचायती राज विभाग के 18, समाज कल्याण विभाग के 2, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 10, परिवहन विभाग क 10, सार्वजनिक निर्माण विभाग के 3, ऊर्जा विभाग के 24, शिक्षा विभाग के 1, सहकारिता विभाग के 23 प्रकरणों का निस्तारण किया जाकर कुल 3646 लाभार्थियों को लाभांवित किया गया।

इसी क्रम में गुरूवार को पंचायत समिति श्रीमाधोपुर की ग्राम पंचायत झाड़ली व पंचायत समिति अजीतगढ़ की ग्राम पंचायत टटेरा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय नगरपालिका, रतनगढ़ (राजस्थान)

प्रारूप 10

(नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका रतनगढ़

क्रमांक : नपार/भूउप/2026-27/1401-1402 दिनांक : 24-6-26

**लोक सूचना**

आवेदकगण रतनगढ़ जिला - चूरू ने इस कार्यालय में नीचे अंकित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन ओद्योगिक (रबर उद्यौग) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

**विवरण-पत्र**

| आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं./क्षेत्र | उपयोग |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती शारदा देवी पुत्री श्री उगमाराम बुगालिया, ग्राम भावसिया तहसील परबतसर जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 655/626 0.1010 हैक्टेयर में से 10100 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्री महेन्द्र मुवाल पुत्र श्री बिरमा राम ग्राम जावला तहसील परबतसर जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 679/638 0.1100 हैक्टेयर में से 1100 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्रीमती शांति देवी पत्नी श्री महेन्द्र मुवाल, ग्राम जावला तहसील परबतसर जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 678/638 0.1100 हैक्टेयर में से 1100 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्री ओंकार चौधरी पुत्र श्री शंकर लाल, ग्राम जावला तहसील परबतसर जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 684/643 0.1688 हैक्टेयर में से 1688 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्रीमती राजूदेवी पत्नी श्री ओंकार चौधरी, ग्राम जावला तहसील परबतसर जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 685/643 0.11010 हैक्टेयर में से 1010 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्री सुल्तान सिंह पुत्र श्री रामरतन ग्राम कल्याणपुरा तहसील-लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 680/662 0.1275 हैक्टेयर में से 1275 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्रीमती बबीता पत्नी श्री सुल्तान सिंह, ग्राम कल्याणपुरा तहसील-लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 661/618 0.1050 हैक्टेयर में से 1050 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्री सुरेन्द्र कुमार महला पुत्र रणजीत सिंह निवासी नाहर सिंधानी, झुन्झुनू | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 668/648 0.1010 हैक्टेयर में से 1010 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्रीमती सुमन कुमारी पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार, निवासी नाहर सिंधानी, झुन्झुनू | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 669/648 0.1010 हैक्टेयर में से 1010 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्री अशोक कुमार पुत्र रणजीत सिंह निवासी नाहर सिंधानी, झुन्झुनू | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 623/615 0.1819 हैक्टेयर में से 1819 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्रीमती सुभिता पत्नी श्री अशोक कुमार, निवासी नाहर सिंधानी, झुन्झुनू | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 673/633 0.1010 हैक्टेयर में से 1010 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्री कमलेश चौधरी पुत्री उगमाराम बुगालिया, ग्राम टापरवाड़ा तहसील परबतसर जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 654/626 0.1010 हैक्टेयर में से 1010 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्री रामकिशोर बुगालिया पुत्र उगमाराम बुगालिया, ग्राम कितलसर तहसील डेगाना, जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 658/624 0.1146 हैक्टेयर में से 1146 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्री उगमाराम बुगालिया श्री जयाराम पुत्र बुगालिया, ग्राम कितलसर तहसील डेगाना, जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 686/666 0.1111 हैक्टेयर में से 1111 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |
| श्रीमती सरजू देवी पत्नी श्री उगमाराम बुगालिया ग्राम कितलसर तहसील डेगाना, जिला नागौर | उप तहसील राजलदेसर तहसील-रतनगढ़ राजस्व ग्राम रतनगढ़ जिला चूरू | पायली रतनगढ़ | खसरा नं. 665/621 0.1136 हैक्टेयर में से 1136 वर्गमीटर | कृषि से गैर कृषिक उपयोग औद्योगिक |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान, अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष, समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को कोई आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 24-06-2026 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका रतनगढ**


# एक घंटे की तेज बारिश से कई इलाकों में जलभराव



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** शहर में बुधवार को मानसूनी बारिश का असर देखने को मिला। रात करीब 3 बजे से शुरू हुआ बारिश का दौर रुक-रुक कर जारी रहा।

सुबह 6:30 बजे से हल्की रिमझिम बारिश होती रही, जबकि सुबह 7:45 बजे से 8:45 बजे तक एक घंटे तक तेज बारिश हुई, जिससे शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। बारिश के बाद मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी व उमस से राहत मिली। सुबह 9 बजे शहर का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंडी हवाओं और बादलों के कारण मौसम खुशनुमा बना रहा। तेज बारिश का असर शहर के निचले इलाकों में देखने को मिला। कई स्थानों पर सड़कें पानी से लबालब हो गईं। खंडेला बाजार के बहाव क्षेत्र में पानी तेज गति से बहता रहा, जिससे वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को परेशानी हुई। वहीं सीकर बाजार बाइपास रोड के पास भी सड़क पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित रहा। बारिश के चलते कचियागढ़ समेत कई गलियों और मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बन गई। लोगों को घरों और दुकानों के सामने जमा पानी की निकासी के लिए मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि बारिश से किसानों के चेहरों पर खुशी नजर आई और फसलों के लिए इसे लाभदायक बताया जा रहा है।

# फर्जी बॉस और नियामक संस्था बनकर ठगी कर रहे साइबर अपराधी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** डिजिटल युग में साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों और संस्थानों को निशाना बना रहे हैं। राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन और विभिन्न संस्थानों के कर्मचारियों को सतर्क करते हुए चेतावनी जारी की है कि इन दिनों साइबर ठग फर्जी बॉस, कंपनी प्रमुख अथवा नियामक संस्था के प्रतिनिधि बनकर धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम देने का प्रयास कर रहे हैं।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि साइबर अपराधी स्वयं को किसी वरिष्ठ अधिकारी, कंपनी प्रमुख, बैंकिंग संस्था या नियामक एजेंसी का प्रतिनिधि बताकर ईमेल, व्हाट्सएप संदेश अथवा फोन कॉल करते हैं। इसके बाद वे कर्मचारियों, विशेष रूप से वित्तीय कार्यों से जुड़े कार्मिकों पर तत्काल भुगतान या गोपनीय वित्तीय लेन.देन करने का दबाव बनाते हैं। उन्होंने बताया कि अपराधी पहले किसी जिप फाइल, संदिग्ध लिंक या सॉफ्टवेयर को डाउनलोड करवाते हैं। जैसे ही संबंधित फाइल खोली जाती है, मालवेयर सिस्टम या व्हाट्सएप वेब तक पहुंच बनाकर महत्वपूर्ण जानकारियां चुरा लेता है। इसके बाद अपराधी अधिकारी के नाम से संदेश भेजकर खातों में धनराशि ट्रांसफर करवाने का प्रयास करते हैं। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था तत्काल भुगतान, गोपनीय लेन-देन या दबावपूर्ण निर्देश दे रही हो, अनजान स्त्रोत से जिप फाइल या सॉफ्टवेयर भेजा गया हो, संदिग्ध ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर का उपयोग किया गया हो अथवा किसी नियामक संस्था के नाम से असामान्य संदेश प्राप्त हो रहे हों, तो सतर्क हो जाना चाहिए। साइबर क्राइम शाखा ने सलाह दी है कि किसी भी भुगतान संबंधी निर्देश की स्वतंत्र रूप से फोन कॉल या व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से पुष्टि अवश्य करें। अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त लिंक, फाइल या सॉफ्टवेयर कभी डाउनलोड न करें। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई या अन्य नियामक संस्थाएं व्हाट्सएप के माध्यम से जिप फाइल या सॉफ्टवेयर नहीं भेजती हैं। इसके अलावा व्हाट्सएप वेब और लिंक्ड डिवाइस की नियमित जांच करें, एंटीवायरस और सुरक्षा सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें तथा वित्तीय लेन-देन में टू-फैक्टर वेरिफिकेशन का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। राजस्थान पुलिस ने आमजन और संस्थानों से सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन या पुलिस को देने की अपील की है।

## आरती, दोहा और चालीसा स्मरण प्रतियोगिता आयोजित

**जयपुर (नवयत्न)।** आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अमरापुर स्थान जयपुर की ओर से आध्यात्मिक स्मरण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य भक्तों में आध्यात्मिक साहित्य एवं गुरु-वाणी के प्रति श्रद्धा बढ़ाना तथा स्मरण शक्ति का विकास करना है। प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागियों को सद्गुरु टेऊँराम चालीसा, शांति के दोहे और सद्गुरु टेऊँराम की आरती कंठस्थ कर सुनानी होगी। इसमें सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु भाग ले सकते हैं। आयोजकों ने प्रतिभागियों की सुविधा के लिए स्मरण पुस्तक भी उपलब्ध कराई है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं को 12 जुलाई 2026 तक श्री अमरापुर स्थान पहुंचकर आरतीए दोहे और चालीसा सुनानी होगी। सभी रचनाएं सही-सही सुनाने वाले प्रतिभागियों को विजेता घोषित किया जाएगा। विजेताओं को 15 से 19 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले सद्गुरु टेऊँराम महाराज के 140वें जन्मोत्सव महोत्सव के मुख्य समारोह में भव्य मंच से सम्मानित किया जाएगा। आयोजन को लेकर गुरुभक्तों और स्थानीय समाज में उत्साह का माहौल है।

## राजस्थान पुलिस में बड़ा फेरबदल : 34 एसआई के तबादले

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 34 उप निरीक्षकों एसआई के तबादला आदेश जारी किए हैं। महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय राहुल कोटोकी द्वारा जारी आदेशों के अनुसार गृह जिला नीति एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं के तहत यह स्थानांतरण किए गए हैं। आदेश के मुताबिक, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में कार्यरत आठ उप निरीक्षकों को प्रशासनिक आधार पर जोधपुर रेंज में स्थानांतरित किया गया है। वहीं एक उप निरीक्षक को सेवानिवृत्ति में दो वर्ष से कम अवधि शेष होने के कारण जोधपुर कमिश्नरेट में नॉन-फील्ड पद पर पदस्थापित किया गया है। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में कार्यरत कई उप निरीक्षकों को प्रशासनिक आधार पर सीआईडी सीबी और सिविल राइट्स सीआईडी-सीबी में स्थानांतरित किया गया है।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BIHARIPUR**
**P.S. PATAN (SIKAR)**

S. NO. 32 DATE: 24-06-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 03-07-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS: 3000000/-

UBN No. PKP2627GLRC00071

**VDO** G.P. BIHARIPUR — **PRASHASHAK** G.P. BIHARIPUR

**कार्यालय नगरपालिका अजीतगढ सीकर (राज0)**

क्रमांक / नपाअजी. / 2026-27 / 652 दिनांक :- 22.06.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण पंजीकृत फर्म / ठेकेदारो को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका द्वारा वर्ष 2026-27 में आवश्यक सेवायें ली जाने / आवश्यक सामान क्रय किये जाने की दर संविदा किये जाने हेतु निविदा फार्म निविदा प्रकाषन से विक्रय तिथी 23.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे से दिनांक 01.07.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक विक्रय की जावेंगी एवं दिनांक 01.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में प्रस्तुत करने होगें, संभव हुआ तो प्राप्त सीलबन्द निविदाऐं उसी दिवस दिनांक 01.07.2026 को दोपहर 02.00 बजे से उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेंगी। उक्त तिथी को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को निविदा प्रति विक्रय / प्राप्त / खोली जावेगी। उक्त निविदा सूचना http://sppp.raj.nic.in पोर्टल पर दिनांक 22.06.2026 से देखी जा सकती है। उक्त कार्य की एनआईबी कोड व यूबीएन निम्नानुसार हैं :-

**NIB code : - DLB2627A3428**
**UBN : - DLB2627WSOB08417**

राज.संवाद / सी / 26 / 5550

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका अजीतगढ**

## आम सूचना

Tru Home Finance Limited शाखा तारानगर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आरिफ पुत्र मोहम्मद रमजान व्योपारी निवासी राजगढ़ जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 167.69 वर्ग मीटर वाके वार्ड नम्बर 22, मोहल्ला बागरियान, तहसील राजगढ़, जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 22.02.1984 को छगनलाल पुत्र लूणकरण अग्रवाल जरिये पावर ऑफ अटॉर्नी हेमराज पुत्र धर्मचंद अग्रवाल से आमीना पत्नी मोहम्मद रमजान व्योपारी ने खरीद ली तत्पश्चात आमीना के स्वर्गवास के पश्चात आमीना के समस्त वारिसान आबिदा, मेमुदा, मैमूना, अब्दुल रहमान ने उक्त जायदाद जरिये परित्याग पत्र दिनांकित 11.05.2026 को आरिफ पुत्र मोहम्मद रमजान व्योपारी को परित्याग कर दी है जो कि पट्टा दिनांकित 04.11.1921 का भू भाग है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Tru Home Finance Limited शाखा तारानगर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहती है। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 7 दिवस में Tru Home Finance Limited शाखा तारानगर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**

# हनीमून डेस्टिनेशन के लिए परफेक्ट है ये जगह, हसीन वादियों में बिताएं रोमांटिक पल

भारत में अपने ऐतिहासिक इमारतों और प्राकृतिक नजारों के लिए पूरी दुनिया में फेमस है। भारत देश दुनियाभर के लोगों को कई खूबसूरत पहाड़ों और समुद्री जगहों की वजह से आकर्षित करता है। अगर पानी के किनारे बसी जगहों की बात करें तो आइलैंड जैसी जगहें भी लोगों को खूब भाती हैं। हालांकि अगर आइलैंड का नाम आते ही आपके दिमाग में मालदीव का ख्याल आता है, तो बता दें कि भारत में स्थिति अंडमान-निकोबार भी कम नहीं है। अंडमान-निकोबार बिलकुल मालदीव की तरह दिखता है। साथ ही यह लोगों का फेवरेट स्पॉट भी बन चुका है। जहां मालदीव में घूमने के लिए कपल्स लाखों रुपए खर्च कर देते हैं। तो वहीं अंडमान में घूमने का खर्च बहुत कम आता है। ऐसे में अगर आप भी सस्ते में ट्रिप प्लान करने की सोच रहे हैं, तो आपके लिए अंडमान एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।



## अंडमान और निकोबार

बता दें कि अंडमान में करीब 300 द्वीप हैं। यह द्वीप हजारों साल पुराने हैं। यहां पर जारवा, सेंटिनली, ग्रेट अंडमानी, ओन्गे जैसी जनजातियों के लोग रहते हैं। 18वीं शताब्दी में अंग्रेजों के अलावा जापान और भारत के लोगों के आने तक लोग प्राचीन समय से ही इन द्वीपों में निवास कर रहे हैं। द्वीपों की भूमि बांग्लादेश के शरणार्थियों को भी रहने के लिए दी गई थी। वहीं अंडमान की राजधानी पोर्ट ब्लेयर वर्तमान में भी वैसी की वैसी है। यहां पर आपको ना तो आकर्षक मॉल मिलेंगे और ना ही मल्टीप्लेक्स थियेटर मिलेंगे। अंडमान में रहने वाले लोग आज भी वेस्टर्न कल्चर से कोसों दूर हैं।

## अंडमान में घूमने की खूबसूरत जगहें

अंडमान में हैवलॉक आइलैंड देख आपका मन झूम उठेगा। यह एक फेमस स्थान हैं। हैवलॉक आइलैंड कोरल रीफ, नीले रंग के समुद्र तटों, घने जंगलों और खूबसूरत नजारों से घिरा है। इसके अलावा यहां पर रॉस आइलैंड और नील आइलैंड जैसे खूबसूरत आइलैंड हैं। आपको रॉस और स्मिथ आइलैंड में चुने पत्थर की गुफाओं के साथ ही कई तरह की गुफाएं भी देखने को मिलेंगी। यहां पर आपको सी फूड खाने के लिए मिलेगा। अंडमान के फेवरेट फूड की बात करें तो उत्तर भारतीय, बंगाली और तमिल डिशेज ज्यादा मिलेंगी। पोर्ट ब्लेयर के कई रेस्तरां में कई तरह की फिश और केकड़े की डिशेज सर्व की जाती हैं।

## ट्रिप का खर्च

ऐसे में अगर आप भी दिल्ली से अंडमान जाने का प्लान कर रहे हैं, तो आपका एक तरफ का टिकट 7- 10 हजार के बीच पड़ेगा। आप अगर कुछ महीने पहले टिकट बुक करते हैं, तो आपका टिकट थोड़ा सस्ता पड़ सकता है। अंडमान में 4-5 दिन रुकने के लिए आप कम बजट वाला होटल, घूमने आदि के लिए रिक्शा, खाने के लिए लोकल चीजों का लुत्फ उठा सकते हैं। इस सबको मिलाकर आपका कुछ खर्चा 20-25 हजार रुपए तक मिलेगा। इसके अलावा यहां पर आप एक्टिविटीज में शामिल हो सकते हैं।

## ऐसे पहुंचे अंडमान-निकोबार

अंडमान जाने के लिए आप दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु से हवाई यात्रा कर पोर्ट ब्लेयर पहुंच सकते हैं। फिर पोर्ट ब्लेयर से पानी के जहाज की मदद से अंडमान पहुंच जाएंगे। वहीं अगर आप समय की बचत करना चाहते हैं, तो सिविल एविएशन सेक्टर की अनुमति से प्राइवेट एयरलाइंस से अंडमान सस्ते पैकेज में भी पहुंच सकते हैं।

# भारत में स्थित हैं ये चार बेहद ही अद्भुत मंदिर

भारत अपने आध्यात्मिक महत्व के लिए जाना जाता है। यहां पर कई अलग-अलग धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं। हर किसी की अपनी अलग आस्था है और इसलिए लोग कई तरह के पूजा स्थलों का निर्माण भी करवाते हैं और बेहद श्रद्धा भाव से दर्शन भी करते हैं। देशभर में आपको कई देवी-देवताओं के पूजा स्थल देखने को मिलेंगे। हालांकि, भारत में ऐसे कई मंदिर भी हैं, जिनके बारे में सुनकर ही लोगों को काफी अजीब लगता है। इन मंदिरों में देवी-देवता के रूप में ऐसी कई चीजों को पूजा जाता है, जो किसी भी व्यक्ति को अचरच में डाल दें।



## भारत माता मंदिर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश

यह एक बेहद ही अनोखा मंदिर है, जो भारत माता को समर्पित है। उत्तरप्रदेश के वाराणसी में स्थित भारत माता मंदिर देश के सबसे अनोखे मंदिरों में से एक है। बता दें कि इस मंदिर का निर्माणण् 1936 में स्वतंत्रता सेनानी बाबू शिव प्रसाद गुप्ता द्वारा बनाया गया था और इसका उद्घाटन महात्मा गांधी ने किया था। यह मंदिर भारत के उन निडर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देता है जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति दी। इस मंदिर की एक खासियत यह भी है कि इसमें देवी-देवताओं की कोई मूर्ति नहीं है। इसके स्थान पर अविभाजित भारत का एक नक्शा है। चूंकि यह नक्शा आजादी से पहले बनाया गया था, इसलिए इसमें पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बलूचिस्तान, म्यांमार और बांग्लादेश भी शामिल हैं।

## मलंदा दुर्योधन मंदिर, कोल्लम, केरल

केरल के इस मंदिर को इसलिए भी अनोखा माना जाता है, क्योंकि यह राजा दुर्योधन को समर्पित एक मंदिर है। इस मंदिर में कोई गर्भगृह या राजा की मूर्ति नहीं है। केवल मंडपम नामक केवल एक उठा हुआ मंच है जहां भक्त प्रार्थना कर सकते हैं। किंवदंती है कि जब पांडव निर्वासन में थे, दुर्योधन केरल के दक्षिणी जंगलों में उनकी तलाश में गए थे। जब दुर्योधन कोल्लम जिले में पहुंचा तो वहां पर कुरवा जाति की एक अछूत बूढ़ी औरत ने उन्हें पानी पिलाया। उन्होंने ग्रामीणों की भलाई के लिए प्रार्थना की और उन्हें कृषि भूमि का एक बड़ा टुकड़ा दान में दिया। यह मंदिर उस स्थान पर बना है जहां वह प्रार्थना और ध्यान के लिए बैठे थे। आज तक कुरवा समुदाय के लोग ही मलंदा दुर्योधन मंदिर में बतौर पुजारी सेवा करते हैं।

## व्हिस्की देवी मंदिर, मध्य प्रदेश


मध्य प्रदेश में स्थित व्हिस्की देवी मंदिर बेहद ही अनूठा मंदिर है और इसे काल भैरव मंदिर के रूप में भी जाना जाता है। इस मंदिर में भगवान को प्रसाद के रूप में शराब चढ़ाई जाती है। कई साल पहले, पंचमकार तांत्रिक अनुष्ठानों के अनुसार देवी को पांच वस्तुओं का भोग लगाया जाता था, लेकिन अब, देवी को केवल शराब ही परोसी जाती है। मंदिर के बाहर के विक्रेता मंदिर में चढ़ाने के लिए नारियल, फूल और शराब सहित एक थाली बेचते हैं।

## चन्नपटना कुत्ता मंदिर, कर्नाटक

देवी-देवताओं के लिए मंदिर बनाना तो बेहद आम बात है, लेकिन किसी मंदिर में जानवरों की पूजा की जाए, यह थोड़ा अटपटा है। लेकिन कर्नाटक के एक व्यापारी ने 2010 में जब देवी केम्पन्ना की पूजा के लिए एक मंदिर बनाया और बहुत ही रहस्यमय तरीके से गांव से दो कुत्ते गायब हो गए। उस रात देवी केम्पन्ना उस आदमी के सपने में प्रकट हुईं और उन कुत्तों के नाम पर मंदिर बनने की कामना की। इसके बाद इस मंदिर का नाम चन्नपटना कुत्ता मंदिर रखा गया और तभी से इस मंदिर में कुत्तों की पूजा होती आ रही है।

# देहरादून के ये मंदिर करवाते हैं बेहद शांति का अहसास

देहरादून एक ऐसा शहर है, जहां पर हर कोई घूमने जाने की इच्छा रखते हैं। हिमालय की गोद में बसे इस शहर की खूबसूरती बस देखते ही बनती है। यहां की हरियाली और बर्फ से ढके पहाड़ इस जगह की खूबसूरती को कई गुना बढ़ा देते हैं। अगर आप प्रकृति की सुंदरता को अपनी आंखों से निहारना चाहते हैं तो यकीनन देहरादून एक बेहतरीन जगह है। लेकिन देहरादून में देखने के लिए और भी बहुत कुछ है। यहां पर कई बेहतरीन मंदिर हैं, जहां पर जाकर आप असीम खुशी या शांति का अनुभव कर सकते हें।



## टपकेश्वर मंदिर

टपकेश्वर मंदिर का नाम तपक शब्द से आया है, जिसका मतलब है पानी की बूंदें। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इस मंदिर में एक शिवलिंग है, जिस पर गुफा की छत से नेचुरल तरीके से पानी की बूंदें गिरती हैं। इसलिए इस मंदिर को टपकेश्वर मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर में भक्त महादेव का आशीर्वाद लेने और आंतरिक शांति प्राप्त करने के लिए आते हैं।

## तपोवन मंदिर

जब आप किसी मंदिर, आश्रम या मेडिटेशन सेंटर में ध्यान करते हैं तो उसका एक अलग ही अनुभव होता है। शायद यही कारण है कि लोग अक्सर तपोवन माउंटेन रेंज पर आते हैं और तपोवन मंदिर की ओर जाते हैं। यह देहरादून के बाहरी इलाके में आपको एक शांत वातावरण प्रदान करता है। अगर आप प्रकृति के बीच रहकर ध्यान करना चाहते हैं और सिर्फ खुद में ही खो जाना चाहते हैं तो ऐसे में आपको यहां पर जरूर आना चाहिए।

## महासू देवता मंदिर

महासू देवता मंदिर ना केवल आध्यात्मिक तौर पर महत्वपूर्ण है, बल्कि यह इतिहास प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र है। यह मंदिर हनोल क्षेत्र में स्थित है और यहां पर आपको प्राचीन वास्तुकला और परंपराओं को करीब से देखने का मौका मिलेगा। यह एक पत्थर का मंदिर है जो स्थानीय देवता महासू देवता को समर्पित है। मंदिर की दीवारों पर खूबसूरत नक्काशी और ऐतिहासिक शिलालेख इसे घूमने के लिए एक बेहतरीन जगह बनाते हैं।

## लक्ष्मण सिद्ध मंदिर

देहरादून में लक्ष्मण सिद्ध मंदिर का अपना एक अलग महत्व है। इसे शहर के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक माना जाता है। इस मंदिर को लेकर यह मान्यता है कि श्री राम के भाई लक्ष्मण ने इस स्थान पर ध्यान लगाया था और उन्हें सिद्धि व दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ था। ज्ञान और आध्यात्मिक विकास की तलाश में हजारों भक्त यहां पर आते हैं।

## संतला देवी मंदिर

यह मंदिर देहरादून में नून नदी के ठीक ऊपर स्थित है और आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर देहरादून के प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। इस मंदिर के चारों ओर खूबसूरत घना जंगल और पास में पिकनिक स्पॉट इस जगह को और भी अधिक फेमस बनाता है। वास्तव में आप इस पर्वत तक पहुंचने के लिए एक छोटी पैदल यात्रा करते हैं। इसलिए जब आप यहां पर आते हैं तो मंदिर के दर्शन करने के साथ-साथ कुछ अच्छा वक्त भी बिता सकते हैं।



## सुरा देवी मंदिर

सुरा देवी मंदिर देहरादून में बहुत अधिक प्रसिद्ध मंदिर नहीं है। लेकिन यहां पर आप दर्शन के लिए अवश्य आ सकते हैं। एक पहाड़ी के ऊपर स्थित यह मंदिर आपको अद्भुत शांति का अनुभव प्रदान करता है। अगर आप सच में शांति की तलाश में हैं, तो इस मंदिर के दर्शन करें।




# हिल्स पर अफोर्डेबल वेकेशन मनाने में मदद करेंगे ये टिप्स

फैमिली के साथ हम सभी छुट्टियां मनाना चाहते हैं, लेकिन अधिकतर लोग सिर्फ यही सोचकर अपना मन मार लेते हैं कि इसमें उनका काफी सारा पैसा खर्च हो जाएगा। यकीनन जब आप घर से बाहर जाते हैं तो आपको पैसे खर्च करने ही पड़ते हैं। लेकिन अगर आप समझदारी से अपना हॉलिडे प्लॉन करते हैं तो ऐसे में आप काफी हद तक सेविंग कर सकते हैं। हिल्स पर फैमिली वेकेशन मनाने में हम काफी एन्जॉय करते हैं। लेकिन सिर्फ फैमिली के साथ बाहर जाना ही काफी नहीं है। आपको इसे अफोर्डेबल बनाना भी आना चाहिए।







## चुनें बजट फ्रेंडली डेस्टिनेशन

हिल्स पर घूमने में यकीनन हम सभी को काफी मजा आता है। लेकिन जब आप बाहर जाते हैं तो डेस्टिनेशन (फैमिली के साथ छुट्टियां मनाने के लिए पॉकेट फ्रेंडली डेस्टिनेशन) को बेहद सोच-समझकर प्लॉन करना चाहिए। अगर आप पॉपुलर हिल स्टेशन पर जाते हैं तो ऐसे में आपको अतिरिक्त पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं। ऐसे में आप पहाड़ी क्षेत्रों में छोटे शहरों या कम पॉपुलर एरिया को चुनें। ऐसी जगहों पर आप अपना बजट फ्रेंडली हॉलिडे आसानी से प्लॉन कर पाएंगे।

## लोकल स्ट्रीट फूड कों दें प्रेफरेंस

जब आप हिल्स पर घूमने के लिए जा रहे हैं तो ऐसे में वहां के रेस्टोरेंट्स में खाना खाने की जगह लोकल स्ट्रीट फूड्स को प्रेफरेंस दें। लोकल फूड्स व स्ट्रीट फूड ऑप्शन को चुनने से ना केवल आपको लोकल कल्चर व टेस्ट को चखने का मौका मिलता है, बल्कि इससे आपके काफी सारे पैसे भी बचते हैं।

## ट्रेवल को लेकर रहें फ्लेक्सिबल

हिल स्टेशन पर रूकने के अलावा आपको अपने ट्रेवल प्लॉन (कैसे करें मसूरी ट्रेवलिंग सस्ते में प्लान) को लेकर भी काफी फ्लेक्सिबल होना चाहिए। आप पहले से एडवांस बुकिंग करवा सकते हैं और इस दौरान आप यह चेक करें कि किन तारीखों में आपकी ट्रेवलिंग टिकट काफी सस्ती हों। कुछ खास अवसर पर आपको टिकट में अच्छा डिस्काउंट मिल सकता है। ऐसे में आपके काफी सारे पैसे बच जाते हैं।

## ऑफ-पीक सीजन में करें ट्रेवल

अगर आप सच में चाहती हैं कि आपको हिल्स पर वेकेशन एन्जॉय करते समय अतिरिक्त पैसे खर्च ना करने पड़ें तो आप पीक सीजन में हॉलिडे प्लॉन ना करें। इस दौरान ना केवल हिल स्टेशन पर काफी भीड़ होती है, बल्कि होटल की बुकिंग से लेकर कैब बुकिंग व टूरिस्ट स्पॉट में घूमने के लिए अधिक पैसे खर्च करने पड़ते हैं। वहीं, ऑफ पीक सीजन में हिल स्टेशन पर ठहरने व घूमने में पैसे काफी कम खर्च होते हैं।

## चुनें कैम्पिंग

अगर आप हिल्स पर घूमने के लिए जा रही हैं और बजट में रहकर उसका पूरा लुत्फ उठाना चाहती हैं तो ऐसे में आप होटल में स्टे करने की जगह कैम्पिंग करें। आप अपना कैम्पिंग गियर खुद लाए या इसे किराए पर लें। कैम्पिंग आपको हिल्स पर रूकने का एक अलग एक्सपीरियंस देती है। कई हिल एरिया में आपको कैम्पिंग के लिए बेसिक फैसिलिटीज भी मिलती हैं। जिससे आप आराम से कैम्पिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

## ग्रुप में करें ट्रैवल

अगर आप चाहती हैं कि हिल्स पर आपका वेकेशन अफोर्डेबल हो तो ऐसे में आपको ग्रुप में ट्रेवल करना चाहिए। जब आप ग्रुप में ट्रेवल करते हैं तो ऐसे आपको ट्रांसपोर्टेशन से लेकर होटल में रुकने व अन्य खर्चों में काफी कटौती आती है।

# 28 जून से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 28 जून रविवार से किया जाएगा। इस अभियान के तहत जयपुर प्रथम और जयपुर द्वितीय क्षेत्र में नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के 8 लाख 86 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन जिलेभर में कुल 6711 बूथों पर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, इसके बाद आगामी दिनों में घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को खुराक दी जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि उनके क्षेत्र में 2647 बूथों पर 4 लाख 26 हजार से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि उनके क्षेत्र में 4064 बूथों पर 4 लाख 60 हजार से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आरसीएचओ जयपुर द्वितीय डॉ. जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि अभियान के लिए 14 हजार 546 वैक्सीनेटर, 816 सुपरवाइजर, 153 ट्रांजिट टीमें और 635 मोबाइल टीमें तैनात की गई हैं। वहीं जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. आशा मीणा ने बताया कि उनके क्षेत्र में 737 सुपरवाइजर, 140 ट्रांजिट टीमें और 177 मोबाइल टीमें अभियान में कार्य करेंगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर अवश्य लेकर आएं और पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को सफल बनाएं। अभियान के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करेंगे तथा आगामी दिनों में गठित टीमें घर-घर जाकर वंचित बच्चों को दवा पिलाएंगी।

# इंद्र भगवान मेहरबान, क्षेत्र हुआ जलमग्न



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में बुधवार की दोपहर आई तूफानी बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। तेज सुंटे के साथ करीब पौने घंटे तक बारिश हुई, जिससे शहर जलमग्न हो गया। इस दौरान 31 एमएम बारिश दर्ज की गई। शहर का उतरादा बाजार, चूरू रोड, सरदारशहर बाईपास मार्ग, देराजसर रोड, बस स्टैंड, जिला अस्पताल के सामने, पोस्ट ऑफिस सड़क मार्ग सहित शहर में कई इलाकों में वर्षाती पानी एकत्रित होने से वाहन चालकों एवं राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बरसात से क्षेत्र में संचालित ड्रेनेज व्यवस्था की भी पोल खोल दी है। वहीं मुख्य बाजारों में नलों की सफाई के टेंडर होने के बाद भी भूमिगत नालों की सफाई नहीं होने से व्यापारियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा है। उत्तरादा बाजार की कुछ दुकानों में पानी भी चला गया, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। चूरू सड़क मार्ग एवं सरदारशहर बाईपास रोड पर यह कार्य धीमी गति से निकास होने से लोग परेशान हुए है। उक्त स्थान पर पानी एकत्रित रहने से यहां निवास करने वाले लोगों के साथ.साथ वाहन चालक काफी परेशान हैं। वहीं तेज हवा के कारण नुवां रोड़ पर सड़क के बीचोंबीच पेड़ गिरने से रास्ता जाम हो गया, जिससे आवागमन में वाहनों व राहगीरों को काफी परेशानी हुई। दूसरी ओर संगम चौराहा के पास नेशनल हाईवे व मेगा हाईवे पर बारिश के पानी से बनी झील। मेगा हाइवे पर पवन होटल व बाजोरिया पैट्रॉल पंप के सामने भरे पानी में वाहनों में पानी आजाने से वाहन चालकों व बैठे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। संगम चौराहा पर ढ़ाई से चार फिट तक पानी भरने के बावजूद हाइवे अथोरिटी कभी नहीं देती है ध्यान। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के बाद किसानों ने भी अपने कदम खेतों की और कर लिए। वर्तमान में बुवाई का कार्य जारी है।

# आधे घंटे तक हुई झमाझम बारिश



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** शहर में दोपहर बाद करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। जिससे शहर के नीचले इलाकों व बाजारों में पानी भर गया। जानकारी के अनुसार करीब 25 एमएम बारिश से लाडनू बस स्टेंड, पुलिया रोडए लाडनू रोड़, सुजला हॉस्पीटल के आगे मुख्य सड़क पर, नलिया बास, नया बास की अनेक गलियों, वाल्मिकी बस्ती, बाई पास रोड़ सहित अनेक गलियों में पानी भर गया। बाजारों में पानी भर जाने से व्यापारियों, उपभोक्ताओं और राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# सैनी की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू (नवयत्न)।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एव राज्यसभा सांसद रहे शेखावाटी के रत्न स्व. मदनलाल सैनी की सातवीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय सैनी महासभा, झुझुनू नागरिक मंच एव सर्व समाज के तत्वावधान में स्थानीय बगड़ रोड स्थित रामानुजन कोचिंग सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें झुंझुनू शहर के सर्व समाज के लोगों ने स्व. मदनलाल सैनी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए अनेक श्रोताओं ने स्व. सैनी के जनता के प्रति समर्पण, संगठनात्मक कुशलता और सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनकी उपलब्धियों के किस्से कहानियों और कठिन परिश्रम को साझा किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. मदनलाल सैनी का जीवन सादगी व अनुशासन के सिद्धांत पर आधारित था। उन्होंने अपने जीवन काल में हजारों कार्यक्रताओ का निर्माण किया और उन्हें समाज व राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने सैनी के राजनीति में अनुशासन, विकास परियोजनाओं के प्रति सक्रिय रुचि और जरूरतमंदों के लिए काम करने वाले पहलुओं का स्मरण किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेशाध्यक्ष अजय सैनी, स्व सैनी के भाई जगदीश सैनी, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष एव भारत स्वच्छता मिशन प्रभारी कमल कान्त शर्मा, सह प्रभारी स्वच्छता ताराचंद सैनी, नागरिक मंच जिला संयोजक उमाशंकर महमिया, भाजपा नेता महेश बसावतिया, विप्र फाउंडेशन के जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, राष्ट्रीय सैनी सभा जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सैनी, राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेश महासचिव डॉ. शिवकुमार सैनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष डी सी सैनी, सम्पतराम बारूपाल, पंकज टेलर, मनोहर धूपिया, विजय डारा, संदीप जाखड़, भाजपा मंडल महामंत्री विजेंद्र हाटवाल, पार्षद विजय कुमार सैनी, ललित जोशी, सीए लोकेश अग्रवाल, सुरेंद्र सैनी, राकेश सैनी, अविनाश सैनी, सत्यनारायण हलकारा, प्रहलाद सैनी, बालमुकुंद शर्मा, अशोक प्रजापति, पार्षद प्रदीप सैनी, विनोद सूरतवाले, कर्णसिंह राठौड़, महिपाल वर्मा, एडवोकेट लक्ष्मीकांत, पूर्व सरपंच बजावा रावतका बुधराम सैनी, ओमप्रकाश सैनी आदर्शनगर, ओमप्रकाश सैनी चिड़ावा, द्वारका प्रसाद सैनी, नायक समाज प्रदेश सचिव किशनलाल नायक, सैन समाज प्रदेश सचिव सुभाष चंद्र वर्मा, विनोद सैनी, सुभाष सैनी बगड़, परमेश्वर सैनी, ख्यालीराम कुमावत, हरलाल सैनी, संजय सैनी, डॉ शिवकुमार सैनी, रामनिवास सैनी, शंकर सैनी सहित स्व. मदनलाल सैनी के परिवारजन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सैनी सभा के प्रदेशाध्यक्ष अजय सैनी ने किया।

# 93 मरीजों की मोतियाबिंद जांच व 38 मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयन

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट अपनी रजत जयंती के शुभोपलक्ष्य पर शंकरा आई हॉस्पिटल, जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के सहयोग से 40 वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन माहेश्वरी भवन के प्रांगण में हुआ। ट्रस्टी व शिविर प्रभारी नरेंद्र झंवर ने बताया कि शिविर में 93 मरीजो की मोतियाबिंद जांच कर 38 मरीजों का नेत्र लैंस प्रत्यारोपण के लिए चयन किया गया व शेष मरीजो को नि:शुल्क दवाई दी गई। चयनित रोगियों को ऑपरेशन के लिए जयपुर ले जाया गया। वहां उनका ऑपरेशन आज गुरुवार को आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का किया जाएगा। मानव सेवा के इस अनूठे अभियान का शुभारंभ भगवान शंकर की प्रतिमा के आगे माहेश्वरी सभा के ट्रस्टी काशीप्रसाद झंवर, महेंद्र झंवर, जय झंवर, रमेश पेड़ीवाल, ललित झंवर विजय पड़ीवाल, चंद्रकांत सोनी, मधुसूदन तापड़िया, डॉ अर्पित शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर शुभारंभ पर एडवोकेट रजनीकांत सोनी व रामोतार चांडक ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस मौके पर वासुदेव लढ़ा, श्यामलाल सोनी, महेश जाजू, राकेश जाजू, आदित्य तापड़िया, वैभव तापड़िया, कमलेश तापड़िया, योगेश लढ़ा, रविन्द्र लाहोटी, संजय लाहोटी, पुनीत झंवर, अनिल लाहोटी, मदन लाहोटी, सुशील लाहोटी, संतोष लाहोटी, रामकिशन चांडक, नरेश पेड़ीवाल, चन्दा सोनी, कविता तापड़िया, सरिता चांडक, सुनीता झंवर, मंजू पेड़ीवाल, रुपाली लढ़ा, संजुलता झंवर, शिवानी झंवर, रिद्धि तापड़िया, किरण तापड़िया, कविता तापड़िया, जयश्री जाजू, कृष्णा जाजू, वेदिका चांडक, सीमा पेड़ीवाल, शारदा पेड़ीवाल, शांति सोनी, रुचिरा लाहोटी, नीलू झंवर, शंकरा हॉस्पिटल की टीम व अनेक गणमान्य व्यक्ति व सैकड़ों मरीज उपस्थित थे।

शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम और माहेश्वरी ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं के टीम का सेवा कार्य देखकर सभी ने सराहना की।

# दुपहिया वाहन चुराने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** श्याम नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर दुपहिया वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी की गई दुपहिया मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपित नशे का आदी है और नशे की लत पूरी करने के लिए वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर दुपहिया वाहन चोर श्रवण कुमार सैन 38 निवासी खोरा बीसल जयपुर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई मोटरसाइकिल को कटी हुई हालत में बरामद किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी स्मैक सहित अन्य मादक पदार्थों का सेवन करने का आदी है। नशे की पूर्ति के लिए वह सुनसान स्थानों से मोटरसाइकिलें चोरी करता था और पहचान छिपाने के उद्देश्य से उन्हें काटकर अथवा क्षतिग्रस्त अवस्था में कच्ची बस्तियों में ओने-पौने दामों में बेच देता था। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है और पुलिस पूछताछ में जयपुर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुई अन्य दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता।

# न्यूरो सर्जन सिन्हा बने एएएसएनएस के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ. वी.डी. सिन्हा को एशियन-ऑस्ट्रेलियन सोसाइटी ऑफ न्यूरोलॉजिकल सर्जन्स एएएसएनएस का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह गौरव हासिल करने वाले डॉ. सिन्हा भारत के पहले न्यूरो सर्जन हैं, जो कि अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं जो कि महासचिव व न्यूरो ट्रोमा सोसाइटी के चैयरमैन भी रह चुके हैं। उनकी इस वैश्विक कामयाबी से देश और प्रदेश के चिकित्सा जगत में हर्ष की लहर है। यह ऐतिहासिक निर्णय फिलीपींस की राजधानी मनीला में आयोजित एएएसएनएस की इंटरनेशनल मीटिंग के दौरान लिया गया। विश्व के इस सबसे बड़े कॉन्टिनेंटल न्यूरोसर्जिकल संगठन के द्विवार्षिक चुनाव में डॉ. सिन्हा की साख और योग्यता को देखते हुए उन्हें सर्वसम्मति निर्विरोध से अध्यक्ष चुना गया। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से पहले डॉ. सिन्हा इस प्रतिष्ठित संस्था के महासचिव के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. वी.डी. सिन्हा का न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा योगदान रहा है। वे इससे पहले भी कई महत्वपूर्ण वैश्विक पदों को सुशोभित कर चुके हैं। वे श्वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजिकल सोसाइटीज डब्ल्यूएफएनएस के सैकंड वाइस प्रेसिडेंट भी रह चुके हैं। श्वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ न्यूरोलॉजिकल सोसाइटीज की न्यूरोरिहैबिलिटेशन और पुनर्निर्माण न्यूरोसर्जरी कमेटी के डॉ. वीडी सिन्हा अध्यक्ष भी हैं। डॉ. सिन्हा ने राजस्थान में न्यूरोसर्जरी की आधुनिक तकनीकों और इलाज को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। वे जयपुर के सवाई मान सिंह एसएमएस अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग में लंबे समय तक आचार्य प्रोफेसर के पद पर रहे और वहीं से सेवानिवृत्त हुए। वर्तमान में डॉ. सिन्हा जयपुर के प्रसिद्ध संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल एसडीएमएच में न्यूरो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष के रूप में मरीजों को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि डॉ. सिन्हा का इस शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पद पर पहुंचना भारत में न्यूरोसर्जरी के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है। इससे न केवल भारतीय डॉक्टरों का वैश्विक मंचों पर प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, बल्कि न्यूरोसर्जरी के क्षेत्र में नए शोध और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी बढ़ावा मिलेगा।

# जयपुर में दो दिन रहेगा ट्रैफिक अलर्ट : निर्जला एकादशी और मोहर्रम पर परकोटे में नो-एंट्री

## कई बाजारों में पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में 25 और 26 जून को निर्जला एकादशी एवं मोहर्रम के आयोजनों को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया है। श्री गोविंद देवजी मंदिर में निर्जला एकादशी पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ तथा मोहर्रम पर ताजियों के जुलूस के मद्देनजर परकोटे के कई मार्गों पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। वहीं प्रमुख बाजारों में पार्किंग पर भी पूर्ण रोक लगाई गई है। यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने आमजन से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए भीड़भाड़ वाले मार्गों के बजाय निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने बताया कि 25 जून को निर्जला एकादशी के अवसर पर श्री गोविंद देवजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए सार्दुल सिंह की नाल से जलेबी चौकए गोविंद देवजी सब्जी मंडी से मंदिर तथा आतिश गेट से जलेबी चौक की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा सुबह 4 बजे से दोपहर 1 बजे तक चौड़ा रास्ताए बड़ी चौपड़ए बापू बाजारए जौहरी बाजारए हवामहल बाजार, त्रिपोलिया बाजार और गणगौरी बाजार में किसी भी प्रकार के वाहन की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। वहीं मोहर्रम के अवसर पर 25 जून की रात विभिन्न क्षेत्रों से ताजि, बड़ी चौपड़ पहुंचेंगे और पुन: अपने गंतव्य की ओर लौटेंगे। इस दौरान रात 8 बजे से देर रात तक संजय सर्किल, अजमेरी गेट, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, घाटगेट, गलता गेट और रामगढ़ मोड़ से परकोटे में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। यातायात दबाव बढ़ने पर पुलिस द्वारा आवश्यकतानुसार मार्ग परिवर्तन भी किया जाएगा। इसी अवधि में वीकेआई रोड नंबर-14, कालवाड़ पुलिया सिरसी पुलिया, 200 फीट अजमेर रोड, न्यू सांगानेर मोड़, गोपालपुरा मोड़, ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा, धोबीघाट, रामगढ़ मोड़ और गलता गेट चौराहा से भारी मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश भी प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने बताया कि 25 जून रात 8 बजे से 26 जून सुबह 6 बजे तक चौड़ा रास्ता, बड़ी चौपड़, बापू बाजार, जौहरी बाजार, हवामहल बाजार, सुभाष चौक से रामगढ़ मोड़, माउंट रोड, रामगंज बाजार, घाटगेट बाजार, रामगंज चौपड़ से चार दरवाजा तथा चार दरवाजा से सुभाष चौक तक पार्किंग निषेध रहेगी। इसके अलावा चांदपोल बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार, गोपीनाथ मार्ग, न्यू कॉलोनी चौराहा, सिंह द्वार, इंदिरा बाजार, किशनपोल बाजार, खजाने वालों का रास्ता, एमआई रोड और एमडी रोड पर भी वाहनों की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। गोयल ने बताया कि 26 जून को दोपहर बाद ताजि, विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़ी चौपड़ पहुंचेंगे और वहां से हवामहल बाजार, चांदी की टकसाल, सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट तथा रामगढ़ मोड़ होते हुए कर्बला तक जाएंगे। इसके चलते संजय सर्किल, अजमेरी गेट, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, घाटगेट, गलता गेट, माउंट रोड गैटोर टी-पॉइंट, कागदीवाड़ा नाला, रामगढ़ मोड़ और आमेर तिराहा से परकोटे में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने बताया कि दोपहर से देर रात तक भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर भी रोक रहेगी।

वहीं शाम 4 बजे से देर रात तक चौड़ा रास्ता, बड़ी चौपड़, बापू बाजार, जौहरी बाजार, हवामहल बाजार, रामगंज बाजार, घाटगेट बाजार, माउंट रोड, सुभाष चौक से रामगढ़ मोड़ तथा रामगढ़ मोड़ से कर्बला तक पार्किंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके अतिरिक्त चांदपोल बाजार, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया बाजार, गणगौरी बाजार, इंदिरा बाजार, किशनपोल बाजार, खजाने वालों का रास्ता, एमआई रोड और एमडी रोड पर भी वाहन पार्क नहीं किए जा सकेंगे। यातायात पुलिस ने नागरिकों से यात्रा से पहले ट्रैफिक एडवाइजरी की जानकारी लेने तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

# 35 वर्षों की प्रतीक्षा हुई समाप्त, नरसीराम को मिला आवासीय भूमि का पट्टा

निसं

**बीकानेर (नवयत्न)।** ग्रामीण सेवा शिविर केवल योजनाओं की जानकारी देने का माध्यम नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान कर आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त मंच बनते जा रहे हैं। इसका प्रेरक उदाहरण ग्राम पंचायत पिथरासर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में देखने को मिलाए जहां श्री नरसीराम पुत्र श्री नारायणराम मेघवाल को 35 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान किया गया। नरसीराम वर्षों से अपने परिवार सहित निवास कर रहे थे, लेकिन विभिन्न कारणों से उन्हें आवासीय भूमि का स्वामित्व अधिकार प्राप्त नहीं हो सका था। कई बार प्रयास करने के बावजूद पट्टा जारी नहीं हो पाने के कारण उनका परिवार असुरक्षा और अनिश्चितता की स्थिति में जीवन यापन कर रहा था। ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान पंचायती राज विभाग द्वारा उनके प्रकरण की गंभीरता से जांच की गई तथा आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर श्री नरसीराम को शिविर स्थल पर ही आवासीय भूमि का पट्टा प्रदान किया गया। वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने पर उनके परिवार में खुशी का माहौल बन गया। पट्टा प्राप्त करने के पश्चात भावुक होते हुए श्री नरसीराम ने कहा मैं पिछले 35 वर्षों से अपने घर की जमीन का कानूनी अधिकार मिलने की प्रतीक्षा कर रहा था। आज ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से मुझे यह अधिकार प्राप्त हुआ है। अब मेरे परिवार को स्थायित्व और सुरक्षा का भरोसा मिला है। इसके लिए मैं राज्य सरकार और प्रशासन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह उदाहरण दर्शाता है कि ग्रामीण सेवा शिविर केवल प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आमजन की उम्मीदों को पूरा करने और वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान करने का प्रभावी माध्यम बन चुके हैं।

# बंदूक की नोक पर हुई लूट के पीड़ित परिवार से मिले सांसद ओला



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** शहर के पीपली चौक में हुई सनसनीखेज चोरी और लूट की वारदात के बाद झुंझुनूं सांसद बृजेंद्र सिंह ओला बुधवार को पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। सांसद ने परिवार से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने बंदूक की नोक पर परिवार को बंधक बनाकर घर में लूटपाट की थी। वारदात के दौरान आरोपियों ने परिवार को डराया-धमकाया और घर से जेवरात सहित नगदी लेकर फरार हो गए। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार ने सांसद को घटना की आपबीती सुनाई। परिवार ने बताया कि बदमाश बेहद बेखौफ थे और हथियार के दम पर पूरी वारदात को अंजाम देकर आसानी से निकल गए। सांसद ने सब्बीर सैय्यद व उनके परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में वे उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और मामले के खुलासे की मांग की। सांसद ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके और आमजन में सुरक्षा की भावना बनी रहे। सांसद की इस मुलाकात से पीड़ित परिवार को मानसिक संबल मिला और उन्होंने न्याय की उम्मीद जताई। इस दौरान सुमेर सिंह महला, सुनील जानू, महेंद्र झाझड़िया, विद्याधर ज्यानी, जुबेर सैय्यद, आरिफ सैय्यद, इलियास सैय्यद, फ्यूम कुरैशी सहित अन्य मौजूद रहे।

# बीकेबीआईईटी विद्यार्थियों को दे रहे एआई, मशीन लर्निंग, पाइथन एवं वीएलएसआई का प्रशिक्षण

निसं



पिलानी (नवयत्न)। बी.के. बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में विद्यार्थियों के कौशल विकास हेतु 45 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 110 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, पाइथन प्रोग्रामिंग एवं वीएलएसआई का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के संचालन हेतु संस्थान ने ट्रूचिप सॉल्यूशन्स, नोएडा तथा अपफ्लेयर्स, जयपुर के साथ सहयोग स्थापित किया है। संस्थान के निदेशक प्रो. बी. के. राउत ने बताया कि बीकेबीआईईटी विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई, मशीन लर्निंग एवं वीएलएसआई जैसे क्षेत्रों में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए संस्थान विशेष प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले नवप्रवेशित विद्यार्थियों को 12वीं के अंकों एवं जी स्कोर के आधार पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्थान के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि बिरला परिवार द्वारा मेधावी एवं योग्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने की पहल अत्यंत सराहनीय है, जिससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि बीकेबीआईईटी पिलानी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग डेटा साइंस, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग तथा वीएलएसआई डिजाइन एवं टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न बी.टेक. कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# नीट पेपर लीक है सरकार की नाकामी का सबूत : मनोज मेघवाल

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय लाडनू रोड़ स्थित आर के गार्डन में छात्रों की गूंज एवं प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से किया गया। जिसमें उपस्थित जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं और छात्रों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने समय-समय पर देश की सरकार को जनता पर आने वाले संकटों के बारे में अवगत करवाया, लेकिन सरकार हठधर्मी है और सुप्रीम कोर्ट की फटकार बिना तो एफआईआर तक नहीं की जाती। मेघवाल ने कहा कि लाखों बच्चों का भविष्य नीट पेपर लीक से चौपट हो गया और सरकार अलग-अलग प्रदेशों में सांसद जुटाती फिर रही थी। मेघवाल ने कहा कि यह पहली केंद्र सरकार है, जिसने शिक्षा के बजट को घटाने का काम कियाए क्योंकि इस सरकार को पढ़े लिखे लोग पसंद नहीं है। युवा आज नौकरी और रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है, लेकिन पेपर लीक वाली इस सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ रहा, जिसके कारण राहुल गांधी अब पूरे देश में शिक्षा के प्रति अलख जगाकर जनता को देश की शिक्षण व्यवस्था की कमियों को उजागर कर रहे हैं। रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं के साथ अन्याय कर रही है, जिसका जवाब इस देश का युवा जरूर देगा। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी जिस प्रकार से देश के युवाओं की आवाज बन रहे हैं, उससे केंद्र सरकार हिली हुई है और रोज-रोज मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए नए-नए हथकंडे अपनाये जाते हैं। फतेहपुर विधायक हाकम अली खान ने कहा कि जिस प्रकार से पेपर लीक में भाजपा के कार्यकर्ताओं की भूमिका सामने आई, उसको दबाने का हर प्रयास सरकार ने किया। लेकिन लाखों युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली सरकार को विपक्ष के दबाव में झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े हर मुद्दे पर आज सरकार से संघर्ष कर रही है और प्रत्येक अन्याय का प्रतिकार जनहित में दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की परीक्षाएं करवाने में रूचि कम है और बंगाल, महाराष्ट्र, एमपी में सांसद खरीदने में ज्यादा है। कार्यक्रम में पीसीसी सचिव रियाजत अली, प्रभारी दिनेश कस्वा, छात्र नेता हितेष जाखड़, चूरू से निवर्तमान सभापति पायल सेनी आदि ने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, देहात अध्यक्ष नरेंद्र बेनीवाल, अमित मारोठिया, विद्याधर बेनीवाल, इदरीश गौरी, गोपालपुरा पंचायत की प्रशासक सविता राठी आदि लोग भी मंचस्थ रहे। इस अवसर पर उपस्थित सैंकड़ों लोगों को राहुल गांधी की कोटा दौरे की 50 मिनट की विडियो फिल्म दिखाई गई और शिक्षण व्यवस्था की खामियों को उजागर किया गया। कार्यक्रम में निवर्तमान पार्षद विजय बटेसर, इस्माइल खान, दिनेश पिपलवा, अजय ढेनवाल, तरुण सियौता, इकबाल खान कायमखानी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ कांग्रेस अध्यक्ष फारुख भुट्टा, दाऊद काजी, युनूस खान हाशमखानी, इकबाल खान एदलखानी, राजकुमार इंदौरिया, सोहिल गोपालपुरिया, मुकुल मिश्रा, सलीम खान गाजी, मनोज गुलेरिया, अविनाश, मधु बागरेचा, बजरंग सेन, नरपत गोदारा, दीवान सिंह, छगन मेघवाल, अली हसन, रामनिवास गुर्जर सहित अनेक कांग्रेस नेता और विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन नरेंद्र बेनीवाल ने किया।

## माहेश्वरी समाज के चुनाव सम्पन्न



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय माहेश्वरी भवन में श्री माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला संगठन एवं माहेश्वरी युवा संगठन के निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए। जिसमें माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार चांडक, मंत्री पद पर मोहित तोषनीवाल, महिला संगठन की अध्यक्ष पद पर प्रमिला राठी, मंत्री पद पर स्वाति चांडक, युवा संगठन के अध्यक्ष पद पर पुरुषोत्तम लढ़ा, मंत्री पद पर नारायण लाहोटी सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव प्रक्रिया में पर्यवेक्षक के रूप में विमल तोषनीवाल, श्रवण तोषनीवाल, लक्ष्मी देवी लढ़ा, सुमन करवा, कोमल झंवर, हर्ष मालपानी व एडवोकेट प्रियांशु लढ़ा व समाज बंधुओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के वरिष्ठजन, युवा शक्ति, मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए समाज हित के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश मालानी अनेक समाजबन्धु मौजूद रहे।

## लोहे की फैक्ट्री में गैस लीक होने से मजदूर झुलसा



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र के ढाणी भरगड़ान स्थित एक लोहे की फैक्ट्री में बुधवार को गैस लीक होने की घटना में एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। घायल मजदूर को तत्काल उपचार के लिए राजकीय उप जिला अस्पताल खेतड़ी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए झुंझुनू के बीडीके अस्पताल रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायल मजदूर की पहचान झारखंड के दरीबा निवासी पवन कुमार पुत्र रिवा सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पवन कुमार काफी समय से ढाणी भरगड़ान स्थित लोहे की फैक्ट्री में कार्यरत था और यहीं रहकर मजदूरी कर रहा था। बुधवार को फैक्ट्री में लोहे की गाटर काटने के काम के दौरान अचानक गैस रिसाव हो गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। इस दौरान फैक्ट्री में काम कर रहे अन्य कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत आग पर काबू पाया। घटना की सूचना मिलते ही फैक्ट्री कर्मचारियों ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। राजकीय उप जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार किया लेकिन शरीर के कई हिस्सों में गंभीर जलन और स्थिति नाजुक होने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए बीडीके अस्पताल झुंझुनू रैफर कर दिया गया। हादसे के बाद फैक्ट्री में काम कर रहे अन्य मजदूरों में भी दहशत का माहौल देखा गया। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। गैस रिसाव के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की संभावना जताई जा रही है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल घायल मजदूर का झुंझुनू में उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

## नगरपालिका के नवीन भवन का हुआ भूमि पूजन

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने नगरपालिका के नवीन भवन निर्माण कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भूमि पूजन किया। लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस आधुनिक भवन के निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है जिससे नगरपालिका की प्रशासनिक व्यवस्थाओं को नई गति मिलेगी तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम में नगरपालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. सहदेव चारण, जेईएन अंकित कुशवाहा, भूमि शाखा प्रभारी संजय बारी, भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक, सुशील इंदौरिया, श्योपाल मेघवाल, प्रवीण शर्मा, रामकिशन गौरीसरिया, सज्जन सिंह, सुनील कम्मा, आदिल खान, करणी सिंह राजियासर, याकूब गौरी, बालमुकुंद, बलवीर स्वामी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि उक्त पालिका बनने वाले नवीन भवन का 25 जनवरी 2026 को पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विधिवत रूप से किया था।

## अणुव्रत समिति में विविध प्रकल्पों के संयोजक नियुक्त



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की स्थानीय तेरापंथ भवन सभागार में अणुव्रत समिति द्वारा आयोजित वार्षिक साधारण सभा में हमारी ताकत, हमारा परिवार विषयक अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट ए सी सी की बुकलेट और पोस्टर का लोकार्पण किया गया। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ के सान्निध्य में हुई बैठक का शुभारंभ तेरापंथी सभा के मंत्री तेजपाल सिंह गुर्जर ने अणुव्रत गीत से किया। समिति अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने गत वर्ष संपादित गतिविधियों व उपलब्धियों का विवरण प्रस्तुत किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजकरण सिपाणी ने सभी का स्वागत किया। मंत्री नरेंद्र स्वामी ने आय-व्यय विवरण और प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सह मंत्री नरेंद्र सांकृत्य ने अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में विद्यालयों की व्यापक सहभागिता के लिए अपने विचार रखे। इस अवसर पर समिति के विविध प्रकल्पों को गति प्रदान करने के लिए प्रभार सौंपते हुए पर्यावरण जागरूकता में अरुण रामगढ़िया, नशामुक्ति अभियान में मोतीलाल तातेड़, अणुव्रत पत्रिका और बच्चों का देश के लिए तेजपाल सिंह गुर्जर, लेखक मंच में परमेश्वरलाल गौड़, सर्व धर्म सद्भाव मंच में वेदप्रकाश चौधरी, बालोदय एज्यु टूर में दिलीप स्वामी, जीवन विज्ञान में रामचंद्र पारीक तथा, सी सी में नरेंद्र सांकृत्य को संयोजक नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर सुभाष चंद्र मीणा, प्रभात बील, मुकेश वर्मा, बजरंग लाल बोथरा, भैराराम प्रजापत, प्रवीण व्यास, प्रकाश तोसावड़ आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं



**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** गांव में राज्य सरकार द्वारा लगाए गए ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न समस्याओं को लेकर दीपक मीणा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने ज्ञापन दिया। वही शिविर में आए पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी से ग्रामीणों ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं की पढ़ाई के लिए विज्ञान संकाय खोलने व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भवन के लिए बजट आवंटन करवाने के लिए ज्ञापन देकर माग की है। ज्ञापन में बताया कि उदयपुरवाटी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाघोली छात्र संख्या में पांचवा स्थान पर है। बच्चों को विज्ञान संकाय के लिए नीमकाथाना या अन्य जगह पर पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। विज्ञान संकाय इसी स्कूल में खुल जावे तो बच्चों को दूसरी जगह नहीं जाना पड़ेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य भवन के केंद्र में चल रहा है। भवन में कमरों की संख्या कम होने से दूसरे नए भवन बनाने की आवश्यकता है। भवन का सरकार द्वारा बजट आवंटित हो जावें तो मरीज को बेहतर सुविधा मिलेगी। इसी प्रकार किशनलाल सैनी ने पूर्व विधायक चौधरी को ज्ञापन देकर भोमया जी मंदिर पर ऊंचाई कम होने से 11 केवी बिजली के तार नीचे झूलने से कभी भी हादसा हो सकता है। इसके लिए दूसरा बिजली का पोल लगाकर झूलते बिजली के तारों को ऊचा करवाया जाए। ज्ञापन में ग्रामीणों ने शिविर में प्रभारी नायब तहसीलदार नीरज वर्मा को राजकीय पशु चिकित्सालय की आवंटन भूमी में हो रही अतिक्रमण को हटाकर भूमी को खाली करवाई जावें वही राजकीय पशु अस्पताल के प्रभारी हनुमान सिंह ने शिविर प्रभारी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया कि संस्था की भूमि के चारों तरफलोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। संस्था की बिल्डिंग 45 वर्ष पुरानी है जो जर्जर है भवन की बरसात में छत टपकती है। संस्था का नया भवन बनाया जाए। संस्था की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया जाए। कब्रिस्तान के सामने लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाकर साफ सफाई करवाने की मांग की है। इस बारे में ग्रामीण 8 महीने से जो भी लगा उसी शिविर में बार-बार बार ज्ञापन देकर अवगत करवाया है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। जलदाय विभाग के जेईएन रोहतास सैनी को शिविर में ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर मौजिडा बांध के पास लगे चार ट्यूबवैलों को गहरा करवाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि मौजिडा बांध के पास लगेट्यूबवैलों का गर्मी मौसम में जलस्तर निचा चला गया। जिससे पानी की आवक कम हो गई। ट्यूबवैलों को डेढ़ सौ फीट करीब ओर गहराई करवा दी जाए तो ट्यूबवैलों में पानी की कमी नहीं आएगी। बाघोली नदी बस स्टैंड पर आगमन ज्यादा होने से सर्किल बनाने की भी ग्रामीणों ने मांग पीडब्ल्यूडी विभाग से की है। ज्ञापन देने वाले दीपक मीणा, मकबूल कुरैशी, संदीप, युसूफ खान, इब्राहिम सलीम अहमद खान, राकेश कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल हैं।

## बारिश से बरसी राहत की बूंदे



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे सहित आसपास के इलाकों में बुधवार सुबह से झमाझम बारिश का दौर चला जो सुबह करीब नौ बजे तक जारी रहा। कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश के चलते कस्बे में जगह-जगह पानी भर गया। अस्पताल में पानी भरने से मरीजों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वर्षा के बाद लोगों को भारी गर्मी से राहत मिली, उमस ने लोगों को बेहाल कर रखा था। झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले हुए है। क्षेत्र में बुधवार सुबह 8 बजे से 9 बजे तक कभी रिमझिम तो कभी झमाझम बारिश हुई। इसके चलते जगह-जगह पानी के भराव से आवागमन प्रभावित रहा। आरपी वर्मा ने बताया वार्ड नंबर 10 में गलियों में दो-दो फीट पानी भर गया। नगर पालिका अधिकारियों को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ वही मिल तिराहा, गट्टे के पास, बीकानेर बस स्टैण्ड, भैरूजी मोड के पास पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। वही सरकारी अस्पताल परिसर में पानी भरने से मरीजो को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## गायत्री जयंती महोत्सव संपन्न



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** गायत्री शक्तिपीठ श्रीमाधोपुर में 7 बजे से शाम 6:30 बजे तक श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र का अखंड जाप किया गया । गायत्री शक्तिपीठ श्रीमाधोपुर के ट्रस्टी विनोद भारद्वाज ने बताया कि 24 जून को प्रात: 9 बजे से वैदिक मंत्रोचार के साथ दो कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ किया गया जिसमें गायत्री परिवार के भाई बहनों एवं श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति दीए 11:30 बजे पूर्णाहुति दी गई इस कार्यक्रम में आयुषी शर्मा का जन्मदिन भी मनाया गया। सभी भाई बहनों द्वारा आयुषी शर्मा को जन्मदिन की बधाइयां दी गई इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में 102 लोगों की जांच, 48 का ऑपरेशन के लिए चयन

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब सुजानगढ़ एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर, गांव तंवरा के स्वर्गीय सीताराम नवहाल, जगदीश प्रसाद, स्व. लक्ष्मीदेवी नवहाल की स्मृति में उनके पुत्र द्वारकाप्रसाद, बाबूलाल, प्रहलाद, गजानंद एवं सूर्यप्रकाश के आर्थिक सहयोग से बुधवार को स्थानीय माहेश्वरी सेवा सदन में 34 वां नेत्र चिकित्सा एवं नेत्रदान पंजीयन शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भामाशाह प्रकाश नवहाल, विनोद नवहाल, सेवानिवृत्त अध्यापक परमानंद मिश्र, राजकुमार क्याल, विनीत बगड़ा, क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के डॉ अनिकेत कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

परमानंद मिश्र ने अपने उद्बोधन में लायंस क्लब के सेवा प्रकल्पों की सराहना करते हुए कहा कि नेत्र चिकित्सा शिविरों के माध्यम से लोगों को पुन: दृष्टि प्रदान करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम द्वारा 102 रोगियों की जांच की गई, जिनमें से 48 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयन किया गया।

तंवरा के नवहाल परिवार से प्रकाश, गजानंद, कमल, दिनेश, आशीष, मधुकर, निशा एवं रामकुमार पीपलवा कुसुंबी ने शिविर का अवलोकन किया एवं व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने बताया कि शिविर में रोगियों को नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। पारीक ने शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर, अजीत तंवर, मोहम्मद शाहिद एवं उनकी टीम, लायंस क्लब के सदस्यों, सहयोगियों आदि का आभार प्रकट किया। मेहमानों को एडवोकेट रजनीकांत सोनी द्वारा पौधे देकर सम्मान किया गया। शिविर में एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, प्रशांत पारीक, अशोक जाजू, एडवोकेट रजनीकांत सोनी, देवकृष्ण मालपानी, देवेंद्र बेदी, मुरली राठी, मधुसूदन शर्मा, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता तापड़िया, मोनिका सोनी सहित अनेक सदस्यों एवं सहयोगियों मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत, राजकुमार राठी ने सेवाएं प्रदान की। माहेश्वरी सेवा सदन के महावीर शर्मा, पवन शर्मा, विकास एवं टीम ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

## लूणास एवं रेडी गांव में ग्राम सेवा शिविर आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार आयोजित ग्राम सेवा शिविरों के तहत ग्राम पंचायत लूणास एवं रेडी में आयोजित शिविरों का भाजपा नेता राकेश जांगिड तथा उपखण्ड अधिकारी प्रियंका कड़ेला ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर आमजन को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित मौजूद अधिकारियों संग चर्चा की। आमजन को राज्य एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान पात्र लाभार्थियों को भूमि पट्टे, खाता विभाजन आदेश, मंगलम पशु बीमा योजना के स्वीकृति पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न प्रमाण पत्र एवं स्वीकृतियां वितरित की गईं। लाभार्थियों ने शिविर के माध्यम से एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं प्राप्त होने पर राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश जांगिड ने कहा कि राज्य सरकार गांवए गरीब, किसान एवं आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ उनके घर के निकट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राम सेवा शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। शिविर में अजीतसिंह राठौड़, नरेश सहारण, तहसीलदार हनुमान सिंह, बीडीओ छगन लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को ट्रस्ट देगा आर्थिक सहयोग

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्वर्णकार एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा सिविल सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षा में सफल विद्यार्थियों से मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डॉ प्रकाश सोनी रत्न ने बताया कि जयपुर में रहकर तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को आवास सुविधा के साथ कोचिंग हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

वहीं दिल्ली अथवा अपने निवास स्थान से तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को विशेषज्ञों के मार्गदर्शन के साथ कोचिंग शुल्क में भी सहायता दी जाएगी।

ट्रस्ट ने हाल ही में विज्ञापित राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाओं की भर्तियों के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों से भी संपर्क करने का आह्वान किया है।

ट्रस्ट द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल अभ्यर्थी एवं विशेषज्ञ तैयारी की रणनीति, सेवाओं की प्राथमिकता एवं विषय चयन संबंधी मार्गदर्शन देंगे। मेधावी एवं आर्थिक रूप से जरूरतमंद अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। सभी गतिविधियों एवं योजनाओं की विस्तृत जानकारी उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी शीघ्र ऑनलाइन आवेदन कर ट्रस्ट के ई-मेल पर भी सूचना भेज सकते हैं।

## भण्डारा एवं प्राण प्रतिष्ठा 27 को

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** फूसकानी स्थित गणेशनाथ आश्रम में शनिवार को वार्षिक भण्डारा एवं प्राण प्रतिष्ठा दिवस मनाया जाएगा। आश्रम के पंथ आई के महंत योगी चंद्र प्रकाश नाथ महाराज ने बताया कि शुक्रवार रात्रि को संतों के सानिध्य में विशाल जागरण होगा। शनिवार सुबह महाआरती, पूजा पाठ, भण्डारा एवं संतों की बिदाई का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता लगे हुए है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190